उज्जैन
गुरुवार
23
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-169
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



कॉकटेल पार्टी में नाचीं नोरा फतेही, सेल्फी लेने के लिए बेकाबू हुए फैंस लुधियाना में बाउंसरों ने मुश्किल से भीड़ संभाली

पेज- 8

## मोदी को आतंकी कहने पर खड़गे को चुनाव आयोग का नोटिस

**कोलकाता/चेन्नई/नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भाजपा ने पीएम मोदी को आतंकी कहने के मामले में चुनाव आयोग से खड़गे की शिकायत की थी। दरअसल खड़गे ने मंगलवार को चेन्नई में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी को आतंकी कहा था। हालांकि बाद में उन्होंने बयान पर सफाई देते हुए कहा था कि पीएम मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह आतंकवादी हैं। मेरा मतलब है कि मोदी हमेशा धमकी देते हैं। वहीं, अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दमदम उत्तर में चुनावी रैली में कहा कि आतंकवाद को खत्म करने वाले नरेंद्र मोदी को खड़गे आतंकवादी कह रहे हैं।



## जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने 20 हजार फ्लाइट्स रद्द कीं

**नई दिल्ली।** जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा ने मई से अक्टूबर तक 20 हजार शॉर्ट-हॉल फ्लाइट्स रद्द करने का फैसला लिया है। ईरान जंग के कारण यूरोप में जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 40 हजार टन जेट फ्यूल की बचत होगी। कंपनी ने सोमवार से रोजाना करीब 120 उड़ानें घटाई हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद रहने से तेल सप्लाई प्रभावित हुई और यूरोप में जेट फ्यूल सप्लाई की चिंता बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने चेतावनी दी है कि यूरोप के पास केवल 6 हफ्तों का जेट फ्यूल बचा है। जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा ने गर्मियों के मौसम के अंत तक घाटे वाले रूट्स बंद करने का फैसला लिया है।

## नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग का इस्तीफा, मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी से संबंधों पर विवाद

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी और कारोबारी दीपक भट्ट से संबंध का आरोप है। इसके अलावा निवेश और वित्तीय लेनदेन को लेकर भी सवाल उठे हैं। नेपाल के अखबार कांतिपुर की रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने निष्पक्ष जांच और हितों के टकराव से बचने के लिए पद छोड़ने की बात कही। गुरुंग ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, मैंने अपने खिलाफ उठे सवालों को गंभीरता से लिया है। मेरे लिए नैतिकता किसी भी पद से बड़ी है और जनता का भरोसा सबसे बड़ी ताकत है।



## बेंगलुरु में बॉयफ्रेंड को कुर्सी से बांधकर जिंदा जलाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में पुलिस ने बुधवार को एक युवती को बॉयफ्रेंड की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, युवती ने 21 अप्रैल को सरप्राइज देने का झांसा देकर युवक की आंखों पर पट्टी बांधी। फिर कुर्सी पर बैठाकर रस्सी से हाथ-पैर बांधे और जिंदा जला दिया। युवती ने बॉयफ्रेंड की मौत का वीडियो भी बनाया। आरोपी प्रेमा और मृतक किरण, दोनों 27 साल के थे। दोनों शहर के राजाजीनगर स्थित मोबाइल स्टोर में साथ काम करते थे और करीब दो साल से रिलेशनशिप में थे। घटना शहर के ब्यादरहल्ली इलाके में प्रेमा के घर पर दोपहर करीब 2 बजे हुई। प्रेमा के परिवार के लोग घर पर नहीं थे। इसी का फायदा उठाकर उसने किरण को बुलाया और हत्या कर दी। किरण तुमकुरु जिले के चिक्कनायकनहल्ली का रहने वाला था।

### यूपी के मिर्जापुर में बोलेरो और कार ट्रक-ट्राले से टकराईं, बोलेरो में आग लगी

# हादसे में 11 की मौत, इनमें से 9 जिंदा जले

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मिर्जापुर**

यूपी के मिर्जापुर में बुधवार रात सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश से गिट्टी लादकर आ रहा ट्राला ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्राले ने पहले स्विफ्ट कार को टक्कर मारी, फिर एक ट्रक से जा टकराया। कार, ट्राले और ट्रक के बीच फंस गई।

इस दौरान पीछ से आ रही बोलेरो ट्रेलर में जा घुसी। बोलेरो में तेज धमाके के साथ आग लग गई। ड्राइवर समेत नौ लोग जिंदा जल गए। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार थे। इनके अलावा स्विफ्ट कार का ड्राइवर और ट्रक के क्लीनर की भी मौत हो गई। हादसा ड्रमडगंज थाना क्षेत्र में हुआ।



- एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया- बोलेरो सवार सभी लोग जिगना थाना के नरैना गांव के रहने वाले थे। परिवार मैहर से बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था। हादसे में 8 साल के बच्चे और उसकी मां की भी मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल ट्रक क्लीनर को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया।
- मिर्जापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात साढ़े 9 बजे बड़का मोड़ से एक ट्राला गिट्टी लादकर जा रहा था। अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया। इसी बीच ट्राले के पीछे चल रही एक बोलेरो भी ढलान से नीचे उतर रही थी। तभी बेकाबू ट्राला स्विफ्ट कार को रौंदते हुए एक ट्रक से टकरा गया। तभी पीछे से आ रही बोलेरो ट्राले से जा भिड़ी।
- प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो में तुरंत आग लग गई। आग लगने से बोलेरो में सवार सभी यात्री अंदर ही फंस गए और जिंदा जल गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग तेजी से बचाव कार्य में जुट गए। लेकिन, तेज आग के कारण किसी को बचाया नहीं जा सका।

### बंगाल-तमिलनाडु में मतदान जारी, लंबी कतारें दिखीं

## एक्टर विजय और अजित ने वोट डाला भीड़ बेकाबू, बूथ पर अफरा-तफरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता/चेन्नई**

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। बंगाल में फर्स्ट फेज की 152 सीटों पर और तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं।

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में वोटिंग के दौरान कई जगह लंबी लाइन देखने को मिलीं। बंगाल के मालदा, बीरभूम और आसनसोल में सुबह से पोलिंग बूथ पर लंबी कतारें दिख रही हैं। यहां महिलाओं की संख्या ज्यादा है। ऐसा ही हाल तमिलनाडु में देखा जा रहा है।

चेन्नई में एक्टर अजित कुमार और ळश्ड चीफ विजय वोट डालने पहुंचे। इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे बूथ के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बंगाल में मुख्य मुकाबला टीएमसी और बीजेपी के बीच है। यहां के बूथों पर वेबकास्टिंग



(लाइव मॉनीटरिंग) के जरिए चुनाव आयोग निगरानी कर रहा है। राज्य की बाकी 142 सीटों पर दूसरे फेज में 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। नतीजा 4 मई को आएगा। तमिलनाडु में डीएमके, कांग्रेस और एआईएडीएमके, बीजेपी गठबंधन के बीच मुकाबला है। तमिल एक्टर थलापति विजय की नई पार्टी टीवीके इस लड़ाई को त्रिकोणीय बना रही है।

## आईआरएस अफसर की बेटी से घर में रेप-हत्या

### मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटा, आरोपी पूर्व नौकर गिरफ्तार, होटल में छिपा था

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में बुधवार सुबह एक सीनियर आईआरएस अफसर के घर में उनकी 22 साल की बेटी की रेप के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 6 बजे हुई। युवती घर में अकेली थी।

आईआरएस अफसर और उनकी पत्नी रोज की तरह जिम गए हुए थे। वापस लौटे तो बेटी का शव कमरे में मिला। वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। शुरूआती जांच के अनुसार, उसके साथ पहले रेप किया गया। फिर मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटकर हत्या की गई। घटना के करीब 14 घंटे बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपी, 19 साल के राहुल मीणा को गिरफ्तार किया। वह द्वारका इलाके के एक होटल में छिपा हुआ था। वह आईआरएस अफसर के घर का पूर्व नौकर है। उसे करीब एक महीने पहले पैसों में गड़बड़ी के आरोप में काम से निकाला गया था।



### आरोपी ने करीब 8 महीने काम किया


राहुल मीणा राजस्थान के अलवर का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, वह करीब आठ महीने तक आईआरएस अफसर के घर पर नौकर था। वह आईआरएस अफसर के घर के हर कोने से वाकिफ था। उसे यह भी पता था कि युवती के माता-पिता कब वॉक या जिम के लिए घर से निकलते हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सुबह करीब 6 बजे घर में घुसा, युवती पर हमला किया और उसके साथ रेप किया। उसने डंडे से भी हमला किया, जिससे पीड़ित के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आईं। इसके बाद मोबाइल चार्जिंग केबल से गला घोंटने के बाद मौके से फरार हो गया। राजस्थान के अलवर एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि आरोपी 21 अप्रैल की रात जिले के राजगढ़ में एक महिला से रेप करके भागा था। इसके बाद उसने दिल्ली में रेप-हत्या की घटना को अंजाम दिया। दिल्ली पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई थीं। एक टीम राजस्थान के अलवर में लगातार उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच उसे दिल्ली से ही पकड़ लिया गया।

### पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की

## सैन्य रहस्यों से पर्दा उठाती नई किताब द क्यूरियस एंड द क्लासिफाइड का धमाका

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल एमएम नरवणे एक बार फिर सुर्खियों में हैं और इस बार वजह उनकी कोई सैन्य रणनीति नहीं बल्कि उनकी नई किताब द क्यूरियस एंड द क्लासिफाइड अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज है। बुधवार को उनके प्रकाशक रूपा पब्लिकेशंस ने इस बहुप्रतीक्षित नॉन-फिक्शन किताब की घोषणा कर दी है जो भारतीय थल सेना, नौसेना और वायुसेना के उन अनछुए पहलुओं और लोककथाओं को उजागर करती है जो अब तक पर्दे के पीछे थे। यह किताब ऐसे समय में सामने आई है जब इसी साल की शुरूआत में उनकी पिछली संस्मरण पुस्तक फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी को लेकर देश की संसद से लेकर मीडिया तक में जबरदस्त विवाद




देखने को मिला था। वह किताब अब तक अप्रकाशित है लेकिन नई किताब के बाजार में आने की खबर ने रक्षा गलियारों और पाठकों के बीच एक नई उत्सुकता पैदा कर दी है।

गौरतलब है कि जनरल नरवणे का पिछला संस्मरण उस वक्त विवादों के घेरे में आ गया था जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रिका में छपे उसके कुछ अंशों का हवाला देते हुए साल 2020 में चीन के साथ हुए गतिरोध को लेकर केंद्र सरकार पर तीखे हमले किए थे। उस समय संसद में भारी हंगामा हुआ था और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा था कि किसी अप्रकाशित और अप्रमाणित किताब के अंशों को सदन के पटल पर उद्धृत नहीं किया जा सकता। यह विवाद इतना बढ़ गया था कि विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव तक लाने की कोशिश की थी जिसे बाद में ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया था। पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया ने भी तब स्पष्ट किया था कि उस संस्मरण के विशेष अधिकार उनके पास हैं और वह अभी प्रकाशित नहीं हुई है। खुद जनरल नरवणे ने भी सार्वजनिक रूप से कहा था कि उनकी उस किताब की कोई भी डिजिटल या प्रिंट कॉपी अभी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## पाकिस्तानी ऑलराउंडर नवाज ड्रग टेस्ट पॉजिटिव

### पीसीबी ने जांच शुरू की, टी-20 वर्ल्डकप के दौरान लिए गए सैंपल में फेल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज ड्रग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। ईएसपीएन के मुताबिक यह सैंपल 2026 टी-20 वर्ल्डकप के दौरान लिया गया था। इस मामले में आईसीसी ने पीसीबी को जानकारी दी है और बोर्ड ने अपनी जांच शुरू कर दी है।




पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा- आईसीसी ने इस मामले की जानकारी दी है और पीसीबी ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके नतीजे आज आईसीसी को बताए जाएंगे। फिलहाल जांच जारी है और अंतिम फैसला अभी नहीं आया है। 32 साल के नवाज ने इस साल श्रीलंका में हुए टी-20 वर्ल्डकप में पाकिस्तान के सभी सात मैच खेले थे। टीम सुपर-8 स्टेज में बाहर हो गई थी। इस दौरान उन्होंने 15 रन बनाए और 7 विकेट लिए।

## खबर एक नजर...

### जहरीला कीटनाशक पीने से बिगड़ी महिला की हालत

**उज्जैन।** ग्राउंड होटल परिसर में रहने वाली नेहा पति देवेन्द्रसिंह राणावत ने बुधवार शाम जहरीला कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने भर्ती किया है। महिला की हालत खतरे से बाहर है। मामले की सूचना अस्पताल स्टॉफ की ओर से माधवनगर थाना पुलिस को दी गई है। आशंका जताई गई है कि पारिवारिक विवाद में महिला ने कदम उठाया है। पुलिस बयान के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा।

### गणेश नगर में खड़ी कार से मिली देशी-अंग्रजी शराब

**उज्जैन।** नागझिरी पुलिस सर्कल भ्रमण के दौरान मंगलवार-बुधवार रात गणेशनगर में खड़ी अल्टो कार क्रमांक एमपी 09 सीडी 4369 को संदेह के आधार पर चैक किया तो उसमें देशी शराब के 50 क्वार्टर के साथ 6 बीयर की केन, 1 अंग्रेजी शराब की बोलत रखी होना पाई। एएसआई रोहित पारस ने बताया कि चालक मौके पर नहीं था। शराब के साथ कार को जप्त कर मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है।

### इन्क्यूबेशन सेंटर में आज होगी इंटर्नशिप ड्राइव

**उज्जैन।** सिंहस्थ मेला कार्यालय परिसर स्थित स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर में 24 अप्रैल को सुबह 11 से शाम 5 बजे इंटर्नशिप ड्राइव होगी। इसका उद्देश्य युवाओं को स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़ना और इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। ड्राइव में 15 से अधिक स्टार्टअप्स के शामिल होंगे। ड्राइव में एआई और डेटा साइंस, डिजिटल मार्केटिंग व एसईओ, वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, वेब या ऐप डेवलपमेंट व कंटेंट राइटिंग जैसे क्षेत्रों में अवसर मिलने की संभावना है। प्रतिभागियों को अपडेटेड रिज्यूमे के साथ समय पर पहुंचने को कहा गया है।

### खाद-बीज व्यापारियों की हड़ताल 27 अप्रैल को

**उज्जैन।** ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर 27 अप्रैल को देशभर के खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री ने कहा कि समस्याओं पर लंबे समय से राज्य और केंद्र सरकार को ज्ञापन दिए जा रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। संगठन ने एक माह में निर्णय नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी।

### फिल्म अभिनेत्री जानकी महाकाल मंदिर पहुंचीं



**उज्जैन।** फिल्म अभिनेत्री जानकी बोड़ीवाला बुधवार सुबह महाकाल मंदिर पहुंचीं। उन्होंने नंदी हॉल से दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। जानकी ने नंदी जी का पूजन कर कान में मनोकामना भी कही। महाकाल मंदिर में लगातार सेलिब्रिटी का तांता लगा हुआ है। रोजाना बॉलीवुड अभिनेता या अभिनेत्री भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में शैतान, छेलो दिवस, नाड़ी दोष, वश, गुजराती ड्रामा फिल्म, त्रिशा ऑन द रॉक्स और रोमांटिक गुजराती फिल्म तारी माटे वन्स मोर में अपने अभिनय का जलवा दिखाने वाली जानकी बोड़ीवाला ने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि महाकाल के दर्शन कर जो शांति मिली है वो कही नहीं मिलती है। बार-बार आकर यहां दर्शन करती रहूं यही कामना है। मंदिर में दर्शन व्यवस्था की तारीफ करते हुए जानकी ने कहा की सभी को आसानी से दर्शन हो रहे हैं। आज मुझे भी दर्शन करने का मौका मिला।

## रसोई में इस्तेमाल होने वाला साधारण किचन स्पंज

# अदृश्य प्रदूषण का स्रोत बनकर सामने आया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





रसोई में इस्तेमाल होने वाला साधारण किचन स्पंज (माइक्रोप्लास्टिक) अब एक अदृश्य प्रदूषण का स्रोत बनकर सामने आया है। बर्तन धोते समय स्पंज के घिसने से हर साल प्रति व्यक्ति कई ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक निकलता है, जो पानी के रास्ते नदियों, मिट्टी और भोजन श्रृंखला तक पहुंच रहा है। भोपाल के बड़ा तालाब और अन्य जल स्रोतों में माइक्रो और नैनो प्लास्टिक के कण बड़ी मात्रा में पाए गए हैं।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सॉइल साइंस के अध्ययन में मप्र के विभिन्न स्थानों पर मृदा में भी माइक्रोप्लास्टिक खासी मौजूदगी मिली है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण सॉलिड और लिक्विड वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण नहीं होना पाया गया है। प्लास्टिक के यह अति सूक्ष्म कण हमें आंखों से तो दिखाई नहीं देते हैं लेकिन यह जमीन और पानी को दूषित कर विभिन्न रास्तों से हमारे शरीर के अंदर पहुंच रहे हैं और सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। खास बात यह है कि मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास इनकी जांच के इंतजाम तक नहीं हैं। पर्यावरण विभाग का ध्यान माइक्रोप्लास्टिक की समस्या पर नहीं है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर पिछले 4 साल से प्रतिबंध

प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पिछले 4 साल से प्रतिबंध है। इसके बावजूद इसका उपयोग जारी है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रदेश के घरेलू कचरे के साथ नगरीय निकायों में बनी कचरा खतियों पर साल भर में 2 लाख मीट्रिक टन से अधिक प्लास्टिक वेस्ट पहुंच रहा है। यह प्लास्टिक वेस्ट मिट्टी में जमा होता है और कई सालों बाद अंततः यह छोटे-छोटे पार्टिकल्स में टूट जाता है। इनमें से जो कण 5 मिमी से छोटे होते हैं। एनजीटी ने माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण कम करने मल्टीलेयर्ड प्लास्टिक बनाने का काम और उसका उपयोग बिल्कुल बंद करने के लिए कहा है। नदियों और तालाबों के पहले बने एसटीपी/डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी प्रणालियों पर स्क्रीन और फिल्टर जैसे भौतिक अवरोध स्थापित करें। मछली पकड़ने के उपकरणों से नदियों में प्रवेश करने वाले सूक्ष्म प्लास्टिक की मात्रा को कम करने के लिए बायोडिग्रेडेबल साधनों को अपनाया जाए। नदियों और तालाबों की सफाई हो।

### सॉलिड वेस्ट का मैनेजमेंट नियमानुसार नहीं



प्रदेश में सॉलिड वेस्ट का मैनेजमेंट नियमानुसार नहीं हो पा रहा है। प्रतिदिन निकलने वाले कचरे का निस्तारण करने की कई शहरों के पास क्षमता ही नहीं है। यही नहीं डंपिंग साइट्स पर 40 लाख मीट्रिक टन से अधिक लीगेसी वेस्ट के पहाड़ बने हुए हैं। इससे निकलने वाले लीचेट में बड़ी मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक और हेवी मेटल्स तक होते हैं। इससे जमीन के साथ भूजल और जल स्रोत दूषित हो रहे हैं। यही नहीं प्रदेश में अभी तक कुल निकलने वाले सीवेज में से बमुश्किल 60 फीसदी को ही साफ करने के लिए एसटीपी की व्यवस्था हो पाई है। शेष अनुपचारित सीवेज सीधे जलस्रोतों में जा रहा है। खेतों में फसलों की मल्चिंग के लिए प्लास्टिक की पन्नियों का उपयोग जमीन में माइक्रोप्लास्टिक बढा रहा है। भोपाल, इंदौर सहित कई अन्य शहरों में दर्जनों अवैध प्लास्टिक रीसाइक्लिंग इकाइयां चल रही हैं। इनसे निकलने वाले कचरे से भी समस्या बढ़ रही है। माइक्रो और नैनो प्लास्टिक स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं। लेकिन इनके नियंत्रण के लिए उचित कदम अभी तक नहीं उठाए गए हैं। इस बढ़ते खतरे को देखते हुए अब एमपीपीसीबी की केन्द्रीय प्रयोगशाला द्वारा माइक्रोप्लास्टिक विश्लेषण विधि का विकास करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इसकी मंजूरी मिलने के बाद इसके लिए विशेष उपकरण खरीदे जाएंगे। इसके बाद ही प्रदेश में इसकी जांच शुरू हो पाएगी।


# एमएलए को आवास खाली करने का नोटिस

## भाजपा विधायक बोले-सीएम ने कुलपति का बंगला ले रखा, हम उन्हीं के पद चिन्हों पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में बंगलों से कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू होते ही विवाद बढ़ गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आलोट से भाजपा विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय सहित 6 लोगों को सरकारी आवास खाली करने के नोटिस दिए हैं। नोटिस के बाद विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आवास पर सवाल उठाए हैं।

विश्वविद्यालय की हाल ही में हुई कार्यपरिषद की बैठक में तय हुआ कि जिन लोगों का विश्वविद्यालय से संबंध नहीं है, उनसे आवास खाली कराए जाएंगे। जानकारी के अनुसार करीब आधा दर्जन आवासों पर बाहरी लोगों का कब्जा है, जिनमें भाजपा विधायक, पूर्व एडिशनल एसपी, असिस्टेंट प्रोफेसर, लेक्चरर सहित अन्य शामिल हैं। बाहरी कब्जों के कारण अधिकारियों और कर्मचारियों को आवास नहीं मिल रहे हैं। वर्तमान में 50 से अधिक कर्मचारी आवास के लिए



आवेदन कर चुके हैं। प्रशासन अब वर्षों से कब्जा जमाए लोगों को हटाने की तैयारी में है।

**विधायक बोले- हिसाब होने पर आवास खाली कर देंगे-** आलोट विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय को वर्ष 2009 में विश्वविद्यालय का ई-4 आवास आवंटित हुआ था, जिसका मासिक किराया 1620 रुपए है। उन्होंने अक्टूबर 2023 में विधानसभा चुनाव से पहले एक दिन में 9.09 लाख रुपए जमा किए थे। इसके बाद से किराया जमा नहीं किया गया है। नोटिस के बाद विधायक ने कहा कि नैतिक सवाल यह भी है कि मुख्यमंत्री ने कुलपति का बंगला ले रखा है, जो एक लैंडमार्क और ऐतिहासिक भवन होता है। हम उन्हीं के पदचिह्नों पर हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से उनका कुछ बकाया हिसाब है। उन्होंने चुनाव से पहले करीब 10 लाख रुपए जमा किए थे। उनका दावा है कि 2010 में उनका प्रमोशन होना था, जो 4 साल लंबित रहा, जिससे भुगतान बाकी है। वे कई बार विश्वविद्यालय से हिसाब करने का अनुरोध कर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि हिसाब होने पर वे आवास खाली कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जांच गहराई से होगी तो मामला लंबा हो सकता है। कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने बताया कि कार्यपरिषद के निर्णय के अनुसार विश्वविद्यालय के आवास केवल कर्मचारियों के लिए सुरक्षित रखे जाएंगे। जिन लोगों को नोटिस दिया गया है, उन्हें एक माह का समय दिया गया है।

# दर्शन के बाद डीजीपी ने देखी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस विभाग के मुखिया डीजीपी बुधवार को ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ करने उज्जैन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होने बाबा महाकाल के दर्शन किया और मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीजीपी कैलाश मकवाना पुलिस सामुदायिक भवन में आयोजित अभियान शुभारंभ कार्यक्रम के बाद शाम को बाबा महाकाल के दर्शन करने मंदिर पहुंचे थे। उन्होने सपत्नी नंदी हॉल से बाबा के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मंदिर समिति की ओर से डीजीपी का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान उज्जैन रेंज के आईजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, सीएसपी राहुल देशमुख मौजूद थे। दर्शन के बाद डीजीपी ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संतुष्ट नजर आये।



# अब निजी अस्पतालों में भी बच्चों को लगेंगे मुफ्त टीके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग ने जन्म से पांच साल तक के बच्चों का टीकाकरण शत-प्रतिशत करने के लिए अहम पहल शुरू की है। अब आंगनवाड़ी और सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ शहर के निजी अस्पतालों में भी निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

इसके चलते बुधवार से निर्मला हॉस्पिटल में भी यह सेवा शुरू हो गई है। यहां हर बुधवार और शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बच्चों को शासन की निर्धारित टीकाकरण सारणी के अनुसार सभी जरूरी टीके मुफ्त लगाए जाएंगे। टीकाकरण की शुरूआत स्वास्थ्य विभाग अधिकारी और अस्पताल के स्टाफ ने फीता काटकर की और बच्चों को टीकाकरण लगाया।



इस अवसर पर डॉ. रवींद्रकुमार पाल जिला टीकाकरण अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने पहल की शुरूआत की। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कई माता-पिता दूरी, समय या असुविधा के कारण आंगनवाड़ी केंद्रों तक नहीं पहुंच पाते, जिससे कई बच्चे टीकाकरण से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए निजी अस्पतालों को अभियान से जोड़ा है। यहां शासकीय प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा ही टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही स्थानीय अस्पतालों के स्टाफ को भी विशेष प्रशिक्षण दिया है, ताकि प्रक्रिया सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से पूरी हो सके।

**6 प्राइवेट हॉस्पिटल में लगे रहे 10 गंभीर बीमारियों से सुरक्षा के टीके-** सीएमएचओ डॉ. अशोककुमार पटेल ने बताया टीकाकरण हर बच्चे का जन्मसिद्ध अधिकार है और बच्चों को टीके लगवाना हम सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है। इससे बच्चों को गंभीर बीमारियों और अकाल मृत्यु से बचाया जा सकता है। निर्मला हॉस्पिटल के अलावा बच्चों को वेदा हॉस्पिटल, एसएन कृष्णा हॉस्पिटल, लोटस हॉस्पिटल, ग्लोबल हॉस्पिटल और पुष्पा मिशन हॉस्पिटल में भी यह सुविधा मिलेगी। बाकी अन्य जो प्राइवेट अस्पताल यह सेवा देना चाहेंगे, उनके साथ भी स्वास्थ्य विभाग कार्य करेगा। यहां बच्चों को पोलियो, टीबी, हैपेटाइटिस-बी, काली खांसी, गलघोटू, टिटनेस, निमोनिया जैसी 10 बीमारियों से बचाने वाले टीके लगाए जा रहे हैं। प्राइवेट अस्पतालों में टीकाकरण सारणी अनुसार ही होगा।

उज्जैन
गुरुवार
23
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सर्वद्रव्येषु विद्यैव द्रव्यमाहुरनुत्तमम्।
अहार्यत्वादनर्ध्यत्वादक्षयत्वाच्च सर्वदा।।

**अर्थः** ज्ञान का सार सभी पदार्थों में सबसे अच्छा है, क्योंकि इसे किसी के द्वारा पराजित नहीं किया जा सकता है; इसका मूल्य नहीं लिया जा सकता, और यह कभी नष्ट नहीं होगा।

## खबर एक नजर...

### डीएवीवी के 2025 बैच के प्लेसमेंट रिजल्ट घोषित

**इंदौर।** डीएवीवी ने साल 2015 बैच के प्लेसमेंट रिजल्ट घोषित किए। कुलपति प्रोफेसर राकेश सिंघई ने बताया कि यूनिवर्सिटी के यूटीडीएस डिपार्टमेंट में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान प्लेसमेंट एक्टिवियां हुई, जिनमें देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस साल कुल 271 कंपनियों ने परिसर में भागीदारी की तथा स्टूडेंट्स को 1091 रोजगार प्रस्ताव मिले। औसत वार्षिक पैकेज 5.3 लाख रुपए रहा, जबकि अधिकतम पैकेज 72 लाख रुपए प्रति वर्ष दर्ज किया गया। प्लेसमेंट में लगभग 56% छात्र एवं 44% छात्राएं शामिल रहीं। इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आईईटी ने सर्वाधिक 421 ऑफर मिले, वहीं औसत वेतन 7.74 लाख रुपए रहा। प्रबंधन संकाय में आईएमएस ने 312 ऑफर के साथ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जहां औसत वेतन 6.84 लाख रुपए रहा। विभिन्न क्षेत्रों में कोर, सर्विस, एनालिटिक्स एवं कंसल्टिंग तथा प्रोडक्ट आधारित कंपनियों का संतुलित प्रतिनिधित्व देखने को मिला।

### 56 दुकान के पास लगी आग, रेस्टोरेंट की चिमनी से बिल्डिंग में भरा धुआं



**इंदौर।** 56 दुकान के पास एक रेस्टोरेंट के बाहर बनी चिमनी में आग लग गई। आग के कारण यहां काफी धुआं फैल गया। नीचे चल रहे रेस्टोरेंट की चिमनी में अचानक आग लगी थी। शुरूआत में कर्मचारियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। बाद में फायर ब्रिगेड ने करीब 500 लीटर पानी डालकर आग बुझाई। फायर ब्रिगेड के मुताबिक बुधवार शाम उन्हें न्यू पलासिया में पुष्प रतन साड़ी वाली बिल्डिंग में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर करीब 500 लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। दमकल कर्मचारियों के अनुसार यहां नीचे टिक टिक्का नाम का रेस्टोरेंट संचालित होता है, जिसकी चिमनी से अचानक धुआं निकलने के बाद आग लग गई। आग के चलते बाहर का पूरा शेड जलकर खाक हो गया। यह शेड सत्यम नाम के व्यक्ति का बताया जा रहा है। यहां दोनों तरफ अन्य रेस्टोरेंट भी हैं।

### लोडिंग ऑटो ने महिला को टक्कर मारी, ट्रैफिक पुलिस की तत्परता से पहुंचाया अस्पताल

**इंदौर।** एक सड़क हादसा हो गया। फर्स्ट बटालियन पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो ने एक्टिवा सवार महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि सदर बाजार क्षेत्र में लोडिंग ऑटो तेज गति से आ रहा था, तभी सामने से आ रही एक्टिवा सवार महिला को उसने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला सड़क पर गिर पड़ी, वहीं ऑटो भी पलट गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। चेक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के एएसआई सुबोध शर्मा और आरक्षक भागीरथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए घायल महिला को संभाला और ऑटो की मदद से अस्पताल पहुंचाया। घायल महिला को मरीमाता क्षेत्र स्थित शशि नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार महिला को गंभीर चोटें आई हैं।

### 1 मई से शुरू होगी एलायंस एयर की फ्लाइट, जानें क्या रहेगा समय और कीमत

# इंदौर से जलगांव और दिल्ली के लिए नई उड़ान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश के हवाई यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल से हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार होने जा रहा है।

एलायंस एयर आगामी 1 मई से इंदौर को सीधे जलगांव और दिल्ली से जोड़ने वाली एक नई फ्लाइट शुरू करने जा रही है। इस नई उड़ान के शुरू होने से न केवल व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटन और धार्मिक यात्राओं के लिए भी यात्रियों को सुगम विकल्प प्राप्त होगा।

एयरलाइन से जारी शेड्यूल के अनुसार, यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन संचालित की जाएगी। यह सेवा हर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी। यह फ्लाइट दिल्ली से



उड़ान भरकर इंदौर आएगी और फिर यहां से जलगांव के लिए रवाना होगी। इसी तरह वापसी में भी यह जलगांव से इंदौर होकर दिल्ली की ओर जाएगी।

यह फ्लाइट 9आई-627 दिल्ली से शाम 4:50 बजे उड़ान भरकर शाम 6:50 बजे इंदौर पहुंचेगी। इसके बाद यही विमान शाम 7:15 बजे इंदौर से रवाना होकर रात 7:55 बजे जलगांव लैंड करेगा। वापसी के सफर में फ्लाइट संख्या 9आई-628 जलगांव से रात 8:20 बजे उड़ान भरेगी और रात 9:00 बजे इंदौर पहुंचेगी। इंदौर के बाद यह विमान रात 9:25 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगा और रात 11:30 बजे देश की राजधानी पहुंचेगी।

### तीन कैटेगरी में हो रही टिकट बुकिंग

- इंदौर से जलगांव के लिए एलायंस एयर तीन कैटेगरी में बुकिंग कर रही है। पहली कैटेगरी सुपर सेवर है जिसका किराया 4 हजार 74 रुपए है। दूसरी कैटेगरी वैल्यू है। जिसका किराया 10 हजार 164 रुपए है। वहीं, तीसरी कैटेगरी फ्लेक्सीबल है जिसका किराया 15 हजार 204 रुपए है।
- इंदौर से दिल्ली के लिए भी एलायंस एयर ने तीन कैटेगरी में बुकिंग शुरू की है। पहली सुपर सेवर है। जिसका किराया 6 हजार 62 रुपए है। दूसरी कैटेगरी वैल्यू है। जिसका किराया 12 हजार 152 रुपए है। वहीं, तीसरी कैटेगरी फ्लेक्सीबल है जिसका किराया 20 हजार 552 रुपए है।

### व्यापारी वर्ग को मिलेगा फायदा

- इंदौर और जलगांव के बीच सीधी कनेक्टिविटी की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जलगांव, महाराष्ट्र का एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र होने के साथ-साथ प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अजंता की गुफाओं का नजदीकी शहर भी है।
- इस नई सेवा के शुरू होने से इंदौर के कपड़ा और सराफा व्यापारियों को महाराष्ट्र के इस क्षेत्र में आवाजाही में काफी सहूलियत होगी।
- साथ ही, दिल्ली के लिए देर रात की एक और उड़ान मिलने से प्रोफेशनल और कॉर्पोरेट जगत से जुड़े यात्रियों को भी फायदा पहुंचेगा। एलायंस एयर ने इस रूट के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### भोजशाला सर्वे की वीडियोग्राफी मुस्लिम पक्ष को देने के निर्देश

# हाईकोर्ट ने 27 अप्रैल तक सभी पक्षों को वीडियो क्लिप्स उपलब्ध कराने को कहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

भोजशाला विवाद को लेकर जापी में जारी नियमित सुनवाई के बीच कोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व विभाग को निर्देश दिए हैं कि 98 दिनों तक चले सर्वे की संपूर्ण वीडियोग्राफी 27 अप्रैल तक मुस्लिम पक्ष सहित सभी पक्षों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपने तर्क वीडियो साक्ष्यों के आधार पर प्रस्तुत कर सकें।

धार भोजशाला परिसर के अधिकार को लेकर सुनवाई के दूसरे सप्ताह में मुस्लिम पक्ष की ओर से कमाल मौला वेलफेयर ट्रस्ट की याचिका पर डबल बेंच सुनवाई कर रही है।



बुधवार को सीनियर एडवोकेट सलमान खुर्शीद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या प्रकरण में दिए गए निर्णय के सिद्धांतों का हवाला देते हुए अपने तर्क रखे।

इंदौर हाईकोर्ट में उपस्थित एडवोकेट नूर मोहम्मद शेख ने बताया कि बहस फिलहाल टाइटल विवाद, साक्ष्यों की वैधता और याचिका की सुनवाई-योग्यता जैसे कानूनी बिंदुओं पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि एएसआई रिपोर्ट की स्वीकार्यता और उसके मूल्यांकन को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित सिद्धांत इस मामले में भी प्रासंगिक हैं। मुस्लिम पक्ष के याचिकाकर्ता अब्दुल समद ने कहा कि उन्होंने प्रारंभ से ही सर्वे की प्रक्रिया और उसकी वैधता पर सवाल उठाए हैं। उनके अनुसार खुदाई के दौरान कुछ स्थानों पर ऐसी प्रक्रिया अपनाई गई, जिससे संरचना को नुकसान पहुंचा और कुछ अवशेषों को एकतरफा रूप से रिकॉर्ड में शामिल करने का प्रयास किया गया। समद का आरोप है कि मुस्लिम पक्ष से जुड़े अवशेषों की अनदेखी की गई। उनका कहना है कि वीडियोग्राफी उपलब्ध होने से वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी और अदालत के समक्ष उनकी आपत्तियों को मजबूती मिलेगी।

# हल्दी, मेंहदी, लगाकर आया दुल्हा निकला झूठा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

जिला प्रशासन की जनसुनवाई में हलदी, मेहंदी और गले में माला पहने पहुंचे दूल्हे की शिकायत झूठी निकली। मंगलवार को जिस दुल्हें ने घर के सामने नाली की शिकायत की थी, प्रशासन जब वहां पहुंचा तो पता चला वह खुद नाले पर अतिक्रमण करना चाहता था। 25 को उसकी शादी है, जिन दंबगों के लिए उसने शिकायत की, वह भी उसके परिजन निकले। प्रशासन की टीम ने जांच के बाद बुधवार को उसके अतिक्रमण के अलावा नाले पर बने 12 से ज्यादा लोगों के अतिक्रमण हटाए।

ग्रामीणों ने इस कार्रवाई पर खुशी जताई, क्योंकि गांव में बारिश का पानी इन्हीं के कारण रूकता था। एसडीएम ने बताया कि दुल्हा खुद कुछ लोगों के कहने पर शादी और शिकायत के नाम पर नाले पर कब्जा करना चाहता था। कलेक्टर शिवम वर्मा को मंगलवार को एक दुल्हें ने शिकायत की थी। जांच के लिए एसडीएम प्रियंका चौरसिया को मौके पर टीम के साथ भेजा गया। मामला ग्राम अम्बामोलिया का था। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाकर रास्ते को सुगम बनाया।

# इंदौर हिट एंड रन केसः पेंटहाउस पर अब तक कार्रवाई नहीं

## नगर निगम के अफसरों ने दो बार चस्पा किए नोटिस, सीएम से शिकायत करेंगे रहवासी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया इलाके में इन्फोसिस इंजीनियर महिला की कार से कुचलकर हत्या के मामले में नया मोड़ सामने आया है। घटना के एक महीने बाद भी आरोपी के अवैध पेंटहाउस पर कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं।

लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया स्थित एक बिल्डिंग में पेंटहाउस में चल रही कथित अवैध गतिविधियों को लेकर 25 मार्च को रहवासियों और कुलदीप चौधरी के बीच विवाद हुआ था। इसी दौरान कुलदीप ने अपने बेटे मोहित को बुलाया।

आरोप है कि मोहित चौधरी ने पार्किंग में तेज रफ्तार कार दौड़ाते हुए



शंपा पाठक को कुचल दिया। इस दौरान चौकीदार महिला रानू समेत अन्य लोग भी घायल हुए। घटना में शंपा पाठक की मौत हो गई। घटना के सीसीटीवी और अन्य वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी कुलदीप चौधरी और उसके बेटे मोहित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया था। उस समय प्रशासन ने अवैध पेंटहाउस को गिराने की बात भी कही थी।

### दो बार नोटिस, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

मेयर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश के बाद 27 मार्च को नगर निगम ने 7 दिन में पेंटहाउस हटाने का नोटिस जारी किया था। इसके बाद दूसरी बार भी नोटिस चस्पा किया गया, लेकिन करीब एक माह बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रहवासियों का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई की जिम्मेदारी नगर निगम पर डाल दी, जबकि निगम की ओर से भी कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने बिल्डर से भी पेंटहाउस हटाने और आरोपी से डील रद्द करने की मांग की, लेकिन बिल्डर ने साफ इनकार कर दिया।

### बिल्डर पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप, रहवासी फिर करेंगे विरोध

सूत्रों के मुताबिक, संबंधित बिल्डर का कार्यालय फूटी कोठी क्षेत्र में है और वह मेयर के करीबी बताए जा रहे हैं। यही वजह बताई जा रही है कि नगर निगम के अधिकारी कार्रवाई से बच रहे हैं। फिलहाल मामला ठंडे बस्ते में नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजने की भी तैयारी है। संबंधित बिल्डिंग नगर निगम के जोन-22 में आती है।

## खबर एक नजर...

### इन्क्यूबेशन सेंटर में आज होगी इंटर्नशिप ड्राइव

**उज्जैन।** सिंहस्थ मेला कार्यालय परिसर स्थित स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर में 24 अप्रैल को सुबह 11 से शाम 5 बजे इंटर्नशिप ड्राइव होगी। इसका उद्देश्य युवाओं को स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़ना और इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। ड्राइव में 15 से अधिक स्टार्टअप्स के शामिल होंगे। ड्राइव में एआई और डेटा साइंस, डिजिटल मार्केटिंग व एसईओ, वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, वेब या ऐप डेवलपमेंट व कंटेंट राइटिंग जैसे क्षेत्रों में अवसर मिलने की संभावना है। प्रतिभागियों को अपडेटेड रिज्यूमे के साथ समय पर पहुंचने को कहा गया है।

### खाद-बीज व्यापारियों की हड़ताल 27 अप्रैल को

**उज्जैन।** ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर 27 अप्रैल को देशभर के खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री ने कहा कि समस्याओं पर लंबे समय से राज्य और केंद्र सरकार को ज्ञापन दिए जा रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। संगठन ने एक माह में निर्णय नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी।

### वर्धमान ग्रुप उज्जैन ने कश्मीर पहुंचकर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** पिछले वर्ष 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए भारतीय पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए उज्जैन का वर्धमान ग्रुप पहलगाम पहुंचा। यहां सदस्यों ने घटनास्थल पर पहुंचकर दो मिनट का मौन रखा और दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्धमान ग्रुप के अध्यक्ष हितेष तनु बड़जात्या एवं सचिव राजेश नमिता लुहाड़िया ने बताया कि इस अवसर पर ग्रुप के कुल 100 दंपति सदस्य वहां उपस्थित थे। वहीं, अध्यक्ष पंकज रेणु जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेन्द्र बड़जात्या, शैलेंद्र जैन, सुनील बुखारिया, दीपक जैन, विवेक जैन, राहुल जैन और पंकज नीतू जैन पहलगाम में उपस्थित थे।

### तकनीक और बजट पर विशेष फोकस, प्रशिक्षित बल के साथ उतरेगी पुलिस

# उज्जैन में सिंहस्थ 2028 को लेकर पुलिस की ट्रेनिंग शुरूः मास्टर ट्रेनर होंगे तैयार, टेक्नोलॉजी पर रहेगा जोर






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के आयोजन में अब 718 दिन शेष हैं और इसके साथ ही प्रशासनिक तैयारियों ने गति पकड़ ली है। बुधवार को पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में विशेष पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में डीजीपी कैलाश मकवाना विशेष रूप से शामिल होने उज्जैन पहुंचे थे।

आयोजन को लेकर पुलिस विभाग ने अब जमीनी स्तर पर अपनी रणनीति लागू करना शुरू कर दिया है, ताकि आने वाले समय में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। पिछले सिंहस्थ के अनुभवों को आधार बनाकर इस बार अधिक व्यवस्थित और तकनीक आधारित प्रबंधन पर जोर दिया जा रहा है।

प्रशासन का फोकस इस बार केवल भीड़ नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और बेहतर समन्वय पर भी है। यही कारण है कि प्रारंभिक चरण में ही प्रशिक्षण और संसाधनों के विस्तार पर काम तेज कर दिया है।

पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस बार केवल तैनाती नहीं, बल्कि पहले से प्रशिक्षित और तैयार बल को मैदान में उतारा जाएगा। छ्ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्सछ अभियान की शुरूआत उज्जैन से की गई है, जिसके तहत चयनित अधिकारी यहां प्रशिक्षण लेकर अपने-अपने जिलों में अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस प्रशिक्षण में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और आमजन से व्यवहार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस बार सिंहस्थ में ड्रोन सर्विलांस, सीसीटीवी और डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों को रणनीति का हिस्सा बनाया गया है। साथ ही, पुलिस विभाग ने करीब 750 करोड़ रुपए के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रस्ताव शासन को भेजे हैं। बाहरी जिलों से आने वाले पुलिस बल के लिए आवास और अन्य सुविधाओं की भी तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान सिंहस्थ साइबर वॉरियर्स पोर्टल का शुभारंभ भी किया गया।

## उज्जैन में असाध्य रोगों का निःशुल्क आयुर्वेद शिविर, जड़ी-बूटियों से सटीक उपचार

**उज्जैन।** भागदौड़ भरी जिंदगी में उत्पन्न होने वाली गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार के लिए महाकाल की नगरी उज्जैन में एक विशेष निःशुल्क आयुर्वेद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल 20 से 24 अप्रैल तक युवराज द्वार क्षीर सागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में अपनी निःशुल्क सेवाएं दे रहे हैं। मरीजों की सुविधा के लिए इस शिविर का समय सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। वैद्य जायसवाल विगत कई वर्षों से अपनी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से मरीजों का सफल उपचार करते आ रहे हैं और इससे पूर्व भी वे लगातार महाकाल वन मेला उज्जैन के साथ-साथ भोपाल, इंदौर, जबलपुर तथा ग्वालियर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

नाड़ी परीक्षण से बिना बताए बीमारी पहचानने का दावा

इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वैद्य जी नाड़ी परीक्षण कर मरीज के बिना बताए ही उसका रोग पहचान लेते हैं। एक ही छत के नीचे मिर्गी, साइनस, माइग्रेन, दमा, भगंदर, बवासीर, पथरी, साइटिका, टीबी, थायराइड, लकवा, गठिया, जोड़ों का दर्द और गुप्त रोगों का इलाज किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कैंसर, किडनी की समस्या, सफेद दाग, पीलिया, हृदय रोग, हाई बीपी, अल्सर, प्रोस्टेट, गैंग्रीन, चर्म रोग, मोटापा, संतानहीनता और हाथी पांव जैसी गंभीर बीमारियों का भी जड़ी-बूटियों के माध्यम से सटीक उपचार उपलब्ध है। वैद्य संतोष आनंद जायसवाल के उपचार से कई मरीजों को नया जीवन मिला है और शिविर में जड़ी-बूटियों के चमत्कारी प्रभाव के अनुभव भी चर्चा का विषय बने हुए।

## श्री अष्टविनायक मंदिर का प्रथम पाटोत्सव आज, विश्व शांति के लिए होगा महायज्ञ

### महाराष्ट्र की तर्ज पर स्थापित आठ विनायकों के मंदिर में सजेगा दरबार, बिहार के गायक धीरजकांत देंगे भजनों की प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री हाटकेश्वर विहार मार्ग स्थित गौरीसन होटल और रिसॉर्ट के पास बने श्री अष्टविनायक मंदिर का प्रथम वर्षगांठ उत्सव 23 अप्रैल 2026 गुरुवार को पाटोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान अष्टविनायक से संपूर्ण विश्व में शांति की कामना की जाएगी। आयोजन के दौरान बिहार के सुप्रसिद्ध भजन गायक धीरजकांत की शानदार भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

श्री अष्टविनायक धाम के प्रमुख सेवक पंडित हेमंत व्यास ने बताया कि मंदिर का प्रथम पाटोत्सव विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। इस मंदिर में महाराष्ट्र के प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अष्टविनायक की तर्ज पर आठों विनायकों की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। श्रद्धालु अब महाराष्ट्र जाए बिना ही अष्टविनायक के दर्शन लाभ उज्जैन में ले सकते हैं। मंदिर की स्थापना के मात्र एक वर्ष के भीतर ही यह गणेश उपासना का प्रमुख केंद्र बन गया है, जहां देश-विदेश से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। संपूर्ण विश्व में मुस्कुराते हुए महाकाल पुत्र गणेश की एकमात्र प्रतिमा इसी मंदिर में स्थापित है।

# 24 को इंटर्नशिप ड्राइव, 15 से अधिक स्टार्टअप्स देंगे युवाओं को मौका

### तकनीकी और क्रिएटिव क्षेत्रों में करियर बनाने का सुनहरा अवसर, पिछले वर्ष 75 से अधिक युवाओं का हुआ था चयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




युवाओं को स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़ने और उनके करियर को नई दिशा देने के लिए उज्जैन स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर में 24 अप्रैल को छ्इंटर्नशिप ड्राइव 2026छ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 15 से अधिक उभरते स्टार्टअप्स हिस्सा ले रहे हैं, जो प्रतिभाशाली युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगे। सेंटर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर अवसर देकर उन्हें आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाना है।

### पिछले वर्ष 200 से अधिक विद्यार्थी हुए थे शामिल

पिछले वर्ष आयोजित इंटर्नशिप ड्राइव को विद्यार्थियों की ओर से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इस ड्राइव में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था, जिनमें से 75 से अधिक योग्य उम्मीदवारों का चयन विभिन्न स्टार्टअप्स द्वारा किया गया था। इसी सफलता और प्रतिभागियों के फीडबैक को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष का आयोजन और भी व्यापक स्तर पर किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक युवाओं तक अवसर पहुंच सके।

इस वर्ष की इंटर्नशिप ड्राइव में भाग ले रहे 15 से अधिक स्टार्टअप्स विभिन्न तकनीकी और क्रिएटिव क्षेत्रों में प्रतिभाओं का चयन करेंगे। इंटर्नशिप ड्राइव के अंतर्गत एआई एवं डेटा साइंस, डिजिटल मार्केटिंग एवं एसईओ, वीडियो एडिटिंग एवं ग्राफिक डिजाइनिंग, वेब या ऐप डेवलपमेंट, यूआई/यूएक्स डिजाइनिंग और कंटेंट राइटिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध रहेंगे। यह आयोजन विशेष रूप से उन युवाओं के लिए उपयोगी है जो स्टार्टअप वातावरण में काम करने का अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं और उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं को समझना चाहते हैं। यह ड्राइव युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के साथ ही उनके कौशल को उद्योग के मानकों के अनुरूप विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह इंटर्नशिप ड्राइव 24 अप्रैल 2026 को उज्जैन स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर, सिंहस्थ मेला कार्यालय परिसर में प्रातः 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को अपने अपडेटेड रिज्यूमे के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा।

## खबर एक नजर...

### अक्षय तृतीया पर भील ठाकुर समाज का तृतीय सामूहिक विवाह संपन्न, 7 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

**उज्जैन।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर धार्मिक राजधानी उज्जैन में भील ठाकुर समाज सामूहिक विवाह समिति द्वारा तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। नरसिंह घाट स्थित भील ठाकुर धर्मशाला में आयोजित इस समारोह में हिंदू रीति-रिवाज और पूरे विधि-विधान के साथ 7 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

यह आयोजन समाजसेवी श्रीमती तेजा बाई मधु सिंह मकवाना के आशीर्वाद, समिति अध्यक्ष भूरालाल पंवार के मार्गदर्शन और प्रकाश परमार के संयोजन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समाज द्वारा पिछले तीन वर्षों से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समाजजनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। विवाह समारोह में नवदंपतियों को कन्यादान के रूप में मंगलसूत्र, अंगूठी, सोने-चांदी के जेवर, गोदरेज अलमारी, पलंग, टेबल फैन, कूलर, प्रेस, मिक्सर और बर्तन सहित कई जीवन उपयोगी सामग्रियां भेंट की गईं।

इससे पूर्व मंचीय कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं दानदाताओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष तूफान सिंह बामनिया, सचिव रवि परमार, समाज अध्यक्ष अशोक पंवार, बाबूलाल डाबी, उमराव डाबी, मुकेश गोयल, संतोष परमार, रामप्रसाद डाबी, शैलेंद्र गोयल, राम सिंह बामनिया और रामप्रसाद बामनिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### अजाक्स ने प्रांतीय महासचिव नियुक्त होने पर सम्मान किया

**उज्जैन।** कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ. आर. एल. परमार के नेतृत्व में महेश विरोलिया को प्रांतीय महासचिव बनाए जाने पर उनका भव्य स्वागत, अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर अजाक्स संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात सम्मान समारोह का शुभारंभ हुआ। संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि अजाक्स के संरक्षक जे. एन. कांसोटिया (पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, म.प्र. शासन) की सहमति तथा अजाक्स कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एस. एल. सूर्यवंशी और प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा (आईएएस, भोपाल) की अनुशंसा पर समाजसेवी महेश विरोलिया को उज्जैन अजाक्स का प्रांतीय महासचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से संगठन में खुशी की लहर है और कार्यकर्ताओं को विश्वास है कि वे संगठन को नई दिशा देंगे। कार्यक्रम के दौरान महेश विरोलिया ने संगठन के संरक्षक, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एवं प्रांताध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने अपने स्वागत के लिए सभी का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# पंचकुंडीय महायज्ञ और 101 जोड़ों के हवन के साथ मनेगा भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव

### चित्रगुप्त धाम अंकपात में आज होंगे विविध आयोजन, बच्चों व युवाओं के लिए होगी चित्रकला प्रतियोगिता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्यास ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव आज (गंगा सप्तमी) 23 अप्रैल, गुरुवार को पूर्ण श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए अंकपात स्थित चित्रगुप्त धाम मंदिर में समाजजनों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अमित श्रीवास्तव ने की।



अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष समाज द्वारा विशेष आयोजन का संकल्प लिया गया है। गंगा सप्तमी की सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पांच पवित्र नदियों के जल से भगवान चित्रगुप्त जी का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान को नूतन वस्त्र धारण कराकर कायस्थ परिवारों द्वारा घरों में तैयार किए गए नैवेद्य का भोग लगाया जाएगा। प्रकटोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में विशाल पंचकुंडीय महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें 101 जोड़े वैदिक विधि-विधान से हवन कर महाआरती करेंगे। महायज्ञ में शामिल होने वाले जोड़ों के लिए पारंपरिक परिधान (लाल साड़ी और पीले या सफेद कुर्ते) में निःशुल्क बैठकर पूजा-अर्चना करने की व्यवस्था की गई है।

मंगेश श्रीवास्तव के अनुसार इस अवसर पर बच्चों और युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। चित्रकला प्रतियोगिता 10 से 25 वर्ष आयु वर्ग के लिए होगी। प्रतिभागी भगवान चित्रगुप्त जी का चित्र अपने घर से भी बनाकर ला सकते हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। महायज्ञ 23 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा, जिसके पश्चात महाआरती व भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। बैठक में मुख्य प्रबन्ध न्यासी दिनेश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ, गणेश गौड़, सचिव भरत सक्सेना, कोषाध्यक्ष सीए अनुभव प्रधान, सहसचिव गोपालकृष्ण निगम, पल्लवी श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी ब्रजेश श्रीवास्तव, निखलेश खरे, चेतना श्रीवास्तव, नवदीप कुलश्रेष्ठ, मंगेश श्रीवास्तव, नरेश श्रीवास्तव, प्रियांशु श्रीवास्तव और शिव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### प्रदेश भर से 5000 समाजजन हुए शामिल, क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज ने जताया प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार

# माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस पुनीत आयोजन में समाज के 10 युवक-युवतियां परिणय सूत्र में बंधे। विवाह सम्मेलन की पूर्व भजन संध्या पर युवा माली समाज उज्जैन के अध्यक्ष अभिषेक देवड़ा एवं समाज अध्यक्ष मोती सेठ भाटी के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



आयोजन में पूरे मध्यप्रदेश से भारी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की। मुख्य रूप से इंदौर, महू, मंदसौर, नीमच, नागदा, हाटपिपल्या, बागली और रतलाम सहित प्रदेश भर के लगभग 5000 समाजजन उपस्थित थे। समाजजनों के इस व्यापक सम्मेलन में कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। इस गरिमामय समारोह में सम्मेलन अध्यक्ष विष्णु कुमार सांखला, संयोजक हिम्मत बागड़ी, समाज अध्यक्ष मोती सेठ भाटी, जितेन्द्र देवड़ा, मनोहर गेहलोत, वीरेन्द्र सांखला, किशोर कुमार भाटी, वीरेन्द्र गेहलोत, पंकज जादम, नवीन मारोठिया, पुखराज भाटी, मंगल कछावा, कैलाशचंद गेहलोत, सत्यनारायण कछावा, मानकलाल मारोठिया, परमानंद जी दगदी, मुकेश गेहलोत और देवेन्द्र बागड़ी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उक्त जानकारी समाजसेवी वीरेन्द्र गेहलोत ने प्रदान की।

### गौ-माता' की दुर्दशा सो रहा प्रशासन

**बड़नगर।** शहर में 'गौ-सेवा' के दावों की धज्जियाँ उड़ रही हैं। शहर की गोपाल गौशाला और श्मशान घाट के ठीक पीछे का नजारा किसी नर्क से कम नहीं है। जहाँ आस्था और पवित्रता होनी चाहिए, वहाँ मृत गौ-वंश के शव कचरे के ढेर में खुले में सड़ रहे हैं, जिन्हें कुत्ते नोच रहे हैं। यह स्थिति न केवल अमानवीय है, बल्कि हमारी धार्मिक आस्था पर भी गहरा प्रहार है। यह बात प्रेस नोट के माध्यम से शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल ने कही। बगेरवाल ने प्रशासन मांग की है कि ₹प्रशासन मृत गौ-वंश के ससम्मान अंतिम संस्कार के लिए उचित स्थान चयनित कर उसकी व्यवस्था सुनिश्चित करे। शवों का फेंकना न केवल अपराध है, बल्कि यह गौ-माता का अपमान भी है। प्रशासन की इस घोर लापरवाही से बड़नगर की जनता सड़न और बीमारियों के बीच जीने को मजबूर है।

# 24 को अकादमी के संकुल हाल में गूंजेंगे यादगार नगमे




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्वर सृजन ग्रुप द्वारा 24 अप्रैल शुक्रवार को स्वर संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शुक्रवार शाम 6:30 बजे से कालिदास अकादमी के संकुल हाल में शुरू होगा। जिसमें कलाकार गीतों की प्रस्तुति देंगे।

यह जानकारी देते हुए आयोजक व निर्देशक अदिति आनंद निगम व हर्षा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति उज्जवल बनर्जी भोपाल द्वारा दी जाएगी। साथ ही मलय बनर्जी, सुनील मिमरोट, तृप्ति वैद्य,हर्ष मिश्रा धीरज कुमार प्रशांत भांड विजय पांडे,शैलेंद्र वर्मा, रुचि शर्मा,सुशीला परमार,सुरेंद्र कुमार,के एन शर्मा,अतर आलम, के के पांडा, संदीप व्यास स्थानीय गायक भी गीतों की प्रस्तुति देंगे। मंच संचालन शेफाली चतुर्वेदी द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दृष्टि इंडिया न्यूज की डायरेक्टर आशा सिंह चौहान व मैनेजिंग एडिटर जय राज मंडेरिया जी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, वरिष्ठ समाजसेवी महेश सितलानी, हेमंत व्यास व समीर उल हक होंगे। कार्यक्रम में स्वर सृजन कला सम्मान रघुनाथ सूर्यवंशी जी को दिया जाएगा। संगीत संयोजन प्रफुल्ल और टीम का रहेगा। साउंड गोयल और टिम का रहेगा।

# भक्तों ने किया स्वामी विश्वात्मानंद का सम्मान, 1992 कुंभ की यादें की ताजा

### श्रीनगर में मनी शंकराचार्य जयंती, निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजे हर हर महादेव के जयकारे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

1992 के कुंभ पर्व के दौरान स्वामी विश्वात्मानंदजी ने उज्जैन में अपना शिविर स्थापित किया था। उस समय महाकालेश्वर क्षेत्र में मात्र एक चाय की दुकान हुआ करती थी और कोई विशेष आबादी नहीं थी। शिव की आज्ञा मानकर स्वामी जी ने वहां ऐसा विशाल भंडारा शुरू किया, जो लगभग 30 वर्षों तक अनवरत चला। वहां प्रतिदिन सुबह लगभग ढाई हजार और शाम को डेढ़ हजार भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में अटल अखाड़ा पीठाधीश्वर राजगुरु आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में शंकराचार्य जयंती महोत्सव में यह बात रवि राय ने उज्जैन कुंभ की पुरानी यादें साझा करते हुए कही। इस ऐतिहासिक अवसर पर लाल चौक से टैगोर हॉल तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। शंकराचार्य मंदिर और आदिगुरु द्वारा स्थापित शिवलिंग का विशेष पूजन और अभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन सनातन धर्म की पुनर्स्थापना और आदि शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से किया जाता है। जम्मू-कश्मीर के इसी क्षेत्र में ऐतिहासिक शारदा पीठ की स्थापना हुई थी। समारोह में देशभर से आए भक्तों और जम्मू क्षेत्र के महामंडलेश्वरों ने भाग लिया।

### उज्जैन के समाजसेवियों का विशेष प्रतिनिधित्व

इस पावन अवसर पर मध्य प्रदेश की धर्मनगरी उज्जैन का विशेष प्रतिनिधित्व रहा। भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन से पहुंचे समाजसेवी रवि राय और हरि सिंह यादव ने समारोह में सहभागिता की और टैगोर हॉल में आयोजित धर्मसभा को संबोधित किया।

### 30 वर्षों तक महाकाल नगरी में चला स्वामी जी का महाभंडारा

धर्मसभा को संबोधित करते हुए समाजसेवी रवि राय ने राजा विक्रमादित्य और राजा भर्तृहरि की तपोस्थली उज्जैन की ओर से स्वामी जी का करबद्ध अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि सातवीं-आठवीं सदी में भगवान शंकराचार्य जी ने सनातन धर्म की जो ध्वजा उठाई थी, उसी सत्य सनातन धर्म को स्वामी विश्वात्मानंद जी आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने स्वामी जी की भव्य पेशवाई का स्मरण करते हुए कहा कि उज्जैन में उनकी पेशवाई लगभग पौन किलोमीटर लंबी होती थी। कुंभ के दौरान जब तेज आंधी-तूफान आया और 30 से 35 संतों के पंडाल तथा यज्ञशालाएं अस्त-व्यस्त हो गई, तब भी स्वामी जी की व्यवस्थाएं अडिग रहीं।

## खबर एक नजर...

### शहाबुद्दीन बाबा उर्स परचम 21 से प्रारंभ

**नीमच।** शहर व क्षेत्र के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत बाबा शहाबुद्दीन का 131 वां राष्ट्रीय कौमी एकता उर्स नीमच सिटी रोड़ का चार दिवसीय उर्स 21 अप्रैल से प्रारंभ हुआ जो 21 से 24 अप्रैल तक शानो-शौकत से मनाया जा रहा है। सद मुन्ना दुरानी ने बताया कि बाबा के उर्स का आगाज 21 अप्रैल मंगलवार सुबह 9 बजे परचम कुशाई व कुरान ख्वानी एवं मिलाद ख्वानी व तकरीर से हुआ। मोलाना शोएब बरकाती की सदारत में आयोजित हुई। 22 अप्रैल को महफिल-ए कव्वाली बाद नमाज ईशा रात्रि में कव्वाल जुबेर साबरी (रामपुर यू.पी.) इकबाल रमजान फरीदी (जावरा) पेश करेंगे, 23 अप्रैल को कमर वारसी देवा शरीफ कव्वाल, निसार एहसान चिश्ती (चित्तौड़) कव्वाल पार्टी अपना कलाम पेश करेंगे। 24 अप्रैल,को बाद नमाज ईशा कव्वाल निसार एहसान चिश्ती, कलाम येश करेंगी।

### पुलिस ने रोड रोलर से कुचलवाए 48 मॉडिफाई साइलेंसर

मन्दसौर। शहर में ध्वनि प्रदुषण फैलाने वाले बुलेट के पटाखा साइलेंसर और मॉडिफाई साइलेंसरों के विरुद्ध पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा पिछले महीनों में जब्त किए गए 48 साइलेंसरों को आज पुलिस लाइन में रोड रोलर चलाकर नष्ट कर दिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल और सीएसपी जितेंद्रसिंह भास्कर की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने अब तक ऐसे 48 वाहनों पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि तेज आवाज और वायु प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव आज मनाया जाएगा

मंदसौर। न्याय और कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्य उत्सव 23 अप्रैल को मनाया जाएगा। स्टेशन रोड स्थित चक्रवर्ती कॉलोनी के मंदिर में इस अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किए गए हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान चित्रगुप्त की आराधना से नवग्रहों की पीड़ा से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-शांति का वास होता है। मंदिर समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक पट खुले रहेंगे, जहां भक्त दर्शन और पूजन का लाभ ले सकेंगे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस भव्य उत्सव में शामिल होने की अपील की है।


### युवा संगम 30 को

मन्दसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग के निर्देशन में बेरोजगार युवाओं को रोजगार और कौशल विकास से जोड़ने के लिए 30 अप्रैल को जिला स्तरीय युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा।

# रतलाम में वृक्षों की अंधाधुंध कटाई के बाद भाजपा नेता ने ली सुध

## 10 हजार पौधे नियोजित ढंग से लगाने का सुझाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



शहर में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी की चुनौती से निपटने के लिए बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने की मांग उठी है। पूर्व महापौर एवं भाजपा संगठन जिला प्रभारी (इंदौर ग्रामीण) शैलेंद्र डागा ने कैबिनेट मंत्री एवं रतलाम विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर को इस संबंध में विस्तृत सुझाव पत्र सौंपा है।

पत्र में श्री डागा द्वारा बताया गया कि रतलाम पिछले कुछ वर्षों से प्रदेश एवं देश के सबसे गर्म शहरों में शामिल हो रहा है। इस वर्ष भी तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। बढ़ती गर्मी, प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए इसे गंभीर पर्यावरणीय संकट बताया गया है।पत्र में सुझाव दिया गया है कि शहर में और आसपास बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान की जरूरत है। प्रारंभिक चरण में कम से कम 10 हजार पौधों का रोपण कर उन्हें संरक्षित करते हुए वृक्ष के रूप में विकसित किया जाए। जिससे न केवल तापमान में कमी आएगी बल्कि पर्यावरण में भी सुधार होगा।

श्री डागा ने शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में फोरलेन मार्गों, प्रमुख सड़कों, शासकीय भूमि एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए पौधारोपण का प्रस्ताव रखा गया है। इनमें 80 फीट रोड, हनुमान ताल, बरबड़ रोड, सेजावता-बंजली बायपास, जावरा फाटक से सेजावता फोरलेन, महू रोड बस स्टैंड से खाचरोद फंटा मार्ग, रविदास चौक से करमदी चौराहा, त्रिवेणी मथुरी-करमदी मार्ग, रिंग रोड, बिबड़ोद रोड, गंगासागर कॉलोनी, अमृत सागर से सागोद रोड सहित हाईवे एवं शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र के मार्ग पर सड़क किनारे शामिल हैं।

श्री डागा द्वारा इन स्थानों का चयन इसलिए भी उपयुक्त बताया गया है क्योंकि हाल ही में बनने के कारण निकट भविष्य में इनके चौड़ीकरण की संभावना नहीं है, जिससे पौधों का संरक्षण संभव होगा। समयबद्ध अभियान चलाने पर जोर

श्री डागा आगामी दो माह में विशेष अभियान चलाकर वर्षा ऋतु के पहले पौधारोपण करने का सुझाव दिया गया है, ताकि पौधों के जीवित रहने की संभावना अधिक रहे। प्रत्येक पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड, सिंचाई और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ एक पौधा-एक जिम्मेदारी मॉडल अपनाने की बात कही गई है। इसके तहत नागरिकों, विद्यार्थियों और सामाजिक संस्थाओं को जोड़ा जाए।

श्री डागा द्वारा नगर निगम, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के सहयोग से इस अभियान को जनआंदोलन का रूप देने तथा स्कूल, कॉलेज और व्यापारिक संगठनों को जोडने की मांग की गई है।

ऐसे पौधों का चयन करने की बात कही गई है जो स्थानीय जलवायु के अनुकूल, छायादार और पर्यावरणीय दृष्टि से अधिक उपयोगी हों। भाजपा नेता शैलेंद्र डागा ने पत्र में उल्लेख किया है कि बड़े स्तर पर पौधारोपण से तापमान में कमी, वायु गुणवत्ता में सुधार, जल संरक्षण और शहर को हरित व सुंदर बनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने मंत्री श्री काश्यप और कलेक्टर से अनुरोध किया है कि इस विषय को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित कर शीघ्र कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए,

# जल संरक्षण के छोटे प्रयास ही भविष्य में लाएंगे बड़े परिणाम - कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जल गंगा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण पर एक विस्तृत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सार्थक एनजीओ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, विशेषज्ञों और आम नागरिकों ने भागीदारी की।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कलेक्टर अदिती गर्ग ने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण का कोई भी प्रयास छोटा नहीं होता और सूक्ष्म स्तर पर किए गए निरंतर कार्य ही भविष्य में बड़े परिणाम लेकर आते हैं।

उन्होंने जिले में संचालित लगभग 6 हजार जल संरक्षण कार्यों का उल्लेख करते हुए व्यवहारिक समाधानों और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया, साथ ही वैज्ञानिक पद्धति से पौधारोपण करने का सुझाव भी दिया।

कार्यक्रम में च्जल ऋषिच् पद्मश्री महेश शर्मा ने पर्यावरण के प्रति मानवीय जिम्मेदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि केवल सम्मेलनों से जल संरक्षण संभव नहीं है, इसके लिए निरंतर परिश्रम और जमीनी संघर्ष की आवश्यकता है। उन्होंने हरित भविष्य के संकल्प के साथ अधिक से अधिक पौधे लगाने और पेड़ों की कटाई रोकने का आह्वान किया। भूजल वैज्ञानिक सुनील चतुर्वेदी ने वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) के वैज्ञानिक महत्व को साझा किया और बताया कि पिछले दशकों में ट्यूबवेलों के अत्यधिक उपयोग से भूमिगत जलस्तर पर गहरा प्रभाव पड़ा है। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न स्कूली प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और विशेषज्ञों ने उपस्थित जनसमुदाय की जिज्ञासाओं का वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक साथ स्व-गणना प्रपत्र भरकर जागरूकता का संदेश दिया। सत्येंद्र राठौर द्वारा स्व गणना के संबंध प्रशिक्षित भी किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने जानकारी दी कि मंदसौर जिले ने इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।



# नाहरगढ़ की प्राचीन बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

जल गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत जिले की ऐतिहासिक और पारंपरिक जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का कार्य तेज हो गया है। जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने ग्राम पंचायत नाहरगढ़ पहुंचकर वहां स्थित प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण किया और इसके संरक्षण व साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत नाहरगढ़ में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक जल स्रोतों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। सीईओ ने ग्राम बर्डिया पीना में अमृत सरोवर योजना के तहत बन रहे नए तालाब का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इन पारंपरिक स्रोतों के जीर्णोद्धार से न केवल जल संचयन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर में भी सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रमिकों से चर्चा कर कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### निःशुल्क नेत्र शिविर में बड़ी संख्या मे मरीजों की जांच हुई

**नीमच।** इनरव्हील क्लब और गोमाबाई नेत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग एवं प्रशासनिक अनुमति से विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। गोमाबाई नेत्रालय में आयोजित शिविर में शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की आंखों की गहन जांच कर नजर, मोतियाबिंद, काला मोतिया (ग्लूकोमा), नासूर एवं रेटिना संबंधी बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण किया।जांच में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों के ऑपरेशन लेंस प्रत्यारोपण सहित आगामी निर्धारित तिथियों पर गोमाबाई नेत्रालय में पूर्णतः निःशुल्क किए जाएंगे। शिविर में जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों एवं निःशुल्क चश्मों का भी वितरण किया गया। शिविर संयोजक मुकेश मेहता ने बताया कि अन्य जटिल नेत्र रोगों से ग्रसित मरीजों को उपचार हेतु मार्गदर्शन दिया गया तथा आवश्यक ऑपरेशनों पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम का शुभारंभ इनरव्हील क्लब सदस्यों और शिविर आयोजक मुकेश मेहता द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

# बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति ने अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा



भीषण गर्मी के चलते लोगों के हाल-बेहाल है। ऐसे में विद्युत कम्पनी द्वारा अघोषित बिजली कटौती के कारण समाज का हर वर्ग परेशान हैं। खासकर बुजुर्ग व बच्चे विद्युत की आंख मिचौली से असहनीय गर्मी झेलने को मजबूर है।

बुधवार को तहसीलदार सहदेव मोरे को ज्ञापन सौंपते हुए बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति के सदस्यों ने कही। पत्र में कहा गया है कि झुलसाती गर्मी के बीच पंखे व कूलर ही तेज लपटों से बचाव हेतु नागरिकों की राहत का एकमात्र सहारा है। लेकिन बिजली विभाग द्वारा इस मौसम में भी 4 से 6 घण्टे विद्युत आपूर्ति ठप्प कर दी जाने से लोगों को पसीने से तरबतर होना पड़ रहा है। समिति के मुताबिक मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कम्पनी द्वारा अघोषित बिजली कटौती करने से दमे के मरीज वृद्धजनों को बेहद तकलीफ होने के साथ ही दुधमुहे बच्चों को बिलखते देखा जा सकता है। मरीजों की कुछ दवाइयां फ्रिज में ही सुरक्षित रखी जा सकती है। ऐसी स्थिति में विद्युत सप्लाई घण्टों बंद रहने से दवाइयों के खराब होने की संभावना बनी रहती है। बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति ने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के नाम पर विद्युत विभाग मनमानी करते हुए लोगों को गर्मी के दिनों में कष्टप्रद स्थिति में जीने को विवश कर रहा है। विभाग का हेल्प डेस्क फोन नहीं उठाने को लेकर भी समिति ने नाराजगी जताई और कहा कि कम्पनी का कोई भी जिम्मेदार बिजली गुल होने की दशा में यह बताने को तैयार नहीं रहता है कि लाइट कब आएगी। समिति ने तहसीलदार को दिए पत्र में मांग की है कि विद्युत विभाग के जवाबदारों को तत्काल निर्देशित कर अघोषित बिजली कटौती बंद करवाई जाए।

गर्मी को देखते हुए प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखी जाए। पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि बिजली विभाग ने अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं की तो जनसहयोग से कम्पनी के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर व एसडीएम को भी प्रेषित की गई। इस दौरान बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति के सुनील पोखरना, निलेश मेहता, एडवोकेट उबेद अंसारी, गुड्डू पठान, असलम मेव, अली जमान, जगदीश सोलंकी, मुकेश धाकड़, जीवन सेनी, आरडी धाकड़, रईस कुरैशी, मोहम्मद हुसैन उर्फ भुरु, सिकंदर मेव, फरीद हुसैन मेव, शाहरुख डेविड सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# वन विभाग ने राजस्व और पुलिस के संयुक्त दल के साथ वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



भकलाय वन क्षेत्र में वन विभाग ने राजस्व और पुलिस के संयुक्त दल के साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। वन संरक्षक खंडवा के निर्देश पर हुई कार्रवाई में करीब ४ अतिक्रमण कारियों के कब्जे से १ हेक्टेयर वन भूमि को मुक्त करवाया गया है।

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत सिरस्या, बगदरा, गुर्जर मोहना और भकलाय के कुछ ग्रामीणों द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत उक्त वन भूमि पर दावे प्रस्तुत किए गए थे। इन दावों की सत्यता जांचने के लिए कुछ माह पूर्व राजस्व विभाग, पंचायत, वन अधिकार समिति और वन विभाग द्वारा मौके पर संयुक्त सत्यापन किया गया था। जांच और दस्तावेजों के सूक्ष्म परीक्षण के बाद जिला स्तरीय वन अधिकार समिति ने इन दावों को आधारहीन पाते हुए अमान्य कर दिया था। प्रशासन द्वारा संबंधित दावेदारों को दावे निरस्त होने की सूचना देकर अतिक्रमण हटाने के लिए समझाइश भी दी गई थी। बावजूद इसके अतिक्रमणकारियों ने वन भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया था। जिसके बाद वन विभाग ने संयुक्त टीम का गठन कर भकलाय क्षेत्र से शुरूआत करते हुए 2 जे सी बी मशीनों के माध्यम से अतिक्रमण हटाया गया। पूरी मुहिम में पुलिस, राजस्व के अलावा करीब 4 रेंज का 40 से अधिक का वन स्टाफ लगाया गया था। बड़वाह वन मंडलाधिकारी भानु प्रकाश बथमा ने बताया मुक्त कराई गई भूमि पर विभाग द्वारा शीघ्र ही वानिकी कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। ताकि वन क्षेत्र को पुनः हरा-भरा बनाया जा सके।उन्होंने स्पष्ट स्पष्ट किया है कि संरक्षित वन क्षेत्रों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जिला स्तरीय समिति द्वारा निरस्त किए गए दावों के बाद भी यदि कोई वन भूमि पर अतिक्रमण करता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को वन विभाग के गस्ति दल पर अतिक्रमणकारियों ने पथराव कर दिया था। जिसमें दल को अपनी जान बजा कर मौके से भागना पड़ा था। एसडीओ फॉरेस्ट कृष्ण कुमार निनामा ने बताया गस्ति के दौरान भकलाय क्षेत्र में एक स्थान पर दल को अतिक्रमण देखने को मिला था। जिसके बाद दल ने अतिक्रमणकारी को समझाइश देने का प्रयास किया तो उन पर पथराव शुरू कर दिया। तब निहत्थे दल पर पथराव होने के कारण दल को वहां से पीछे हटना पड़ा।

वन भूमि पर पट्टे के लिए वनाधिकार समिति के पास महेश्वर तहसील के करीब 70 आवेदन पहुंचे थे। जिसके बाद एक संयुक्त टीम ने इन आवेदनों का सत्यापन करवाया था। जांच में सभी आवेदन निरस्त कर दिए थे।नियमानुसार आवेदक को 13 दिसंबर 2005 से पहले का कब्जाधारी होना आवश्यक है। जांच में सेटेलाइट इमेज से वर्तमान स्थिति का मिलान किया जाता है। जिसके चलते सभी आवेदन निरस्त कर दिए गए। जानकारी अनुसार यह सभी आवेदक या तो 2005 के बाद के कब्जाधारी हैं या उनका वन भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई कब्जा ही नहीं है।



## श्री उमिया माताजी मंदिर के भूमि पूजन के साथ हुआ भव्य शुभारंभ

**मंडलेश्वर।** समीपस्थ ग्राम ठनगांव धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का अदभुत संगम उस समय देखने को मिला, जब श्री उमिया पाटीदार परिसर ठनगांव में कुलदेवी श्री उमिया माताजी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और जय माता उमिया के जयकारों से परिसर गूंज उठा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री उमिया माताजी संस्थान ऊंझा के महामंत्री जयंती भाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ श्री प्रवीण भाई पटेल (अध्यक्ष, उमिया परिवार संगठन), सह मंत्री महेंद्र भाई पटेल, मीडिया प्रभारी प्रहलाद भाई पटेल, कारोबारी सदस्य एवं जिला प्रभारी रामचंद्र पाटीदार, तहसील प्रभारी कृष्ण चंद्र पाटीदार, कृष्ण चंद पाटीदार जिराती, तहसील सचिव महेश पाटीदार, डॉ. मोहित पाटीदार सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लेकर इस पावन अवसर को ऐतिहासिक बना दिया।

### इंदौर-इच्छापुर हाइवे पर देर रात भीषण हादसा

# कंटेनर और बियर से भरे पिकअप की भिड़ंत ड्राइवर की मौके पर मौत, एक घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



इंदौर-इच्छापुर हाइवे पर देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। ग्राम दहिनाला के समीप बियर से भरे पिकअप वाहन और कंटेनर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिकअप में सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद हाइवे पर बियर की बोतलें बिखर गई और कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा ओवरटेक या तेज रफ्तार के कारण हुआ। पुलिस कंटेनर चालक की तलाश कर रही है और सीसीटीवी व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पृथ्वी दिवस पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत पृथ्वी दिवस के अवसर पर जल संरक्षण को लेकर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों से चर्चा कर जल चौपाल के माध्यम से आमजन को जागरूक करने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया साथ ही सामाजिक समरसता एवं पॉलीथिन प्रबन्धन पर भी बात की।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर मिट्टी पूजन एवं संगोष्ठी एवं जल चौपाल का आयोजन किया गया, । जिसमें जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी दिवस हमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का बोध



## छात्रा शकीना गनी ने 91.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नया इतिहास रच दिया

**मंडलेश्वर।** सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बीच भी अगर हौसले बुलंद हों, तो सफलता खुद कदम चूमती है। इसका जीता-जागता उदाहरण बनी हैं शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर की कक्षा 12 की छात्रा शकीना जावेद गनी, जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में 91.04 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रच दिया। शकीना की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर शकीना को एक स्कूटी और लैपटॉप भी प्रदान किया जाएगा, जो उनकी आगे की पढ़ाई में सहायक सिद्ध होगा। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे मंडलेश्वर क्षेत्र में गर्व का माहौल है।शकीना के पिता जावेद बाबा, जो मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, ने हमेशा अपनी बेटी की शिक्षा को प्राथमिकता दी। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने शकीना के सपनों को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। शकीना ने भी अपने पिता के त्याग और संघर्ष को सार्थक करते हुए कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया।शकीना का कहना है कि उनकी सफलता का श्रेय उनके माता-पिता के बलिदान और शिक्षकों के मार्गदर्शन को जाता है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत और मजबूत इरादों के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

# महिला अफसर की प्रताड़ना से पीड़ित पटवारी की आत्महत्या से हड़कम्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



जिले के आलोट में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी के सुसाइड मामले में बढ़ते विरोध के बाद कलेक्टर मिशा सिंह ने नायब तहसीलदार सविता राठौर को निलंबित कर दिया है। मंगलवार रात से ही मृतक के परिजन और पटवारी संघ नायब तहसीलदार पर केस दर्ज करने की मांग को लेकर थाने में धरने पर बैठे थे।

बुधवार सुबह परिजनों ने एफआईआर दर्ज होने तक शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और मेडिकल कॉलेज में धरने पर बैठ गए। वर्तमान में सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार और जयस नेताओं के साथ परिजन अपनी मांग पर अड़े हैं, वहीं प्रशासनिक अधिकारी उन्हें लगातार समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

बुधवार सुबह मृतक के परिजन पोस्टमार्टम न कराने को लेकर अड़ गए। उनका कहना है कि पहले नायब तहसीलदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया होगी। इसके बाद बड़ी संख्या में समाजजन और पटवारी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए और वहीं बैठकर विरोध जताने लगे।

स्थिति संभालने के लिए अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव और एसडीएम आर्ची हरित मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारी परिजनों के बीच जमीन पर बैठकर उन्हें समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वे नहीं माने। काम बंद कर धरने पर बैठे परिजनों और पटवारियों के साथ सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशुराम निनामा, दिनेश माल समेत अन्य जयस नेता भी बैठ गए हैं। करणी सेना परिवार प्रमुख जीवन सिंह भी धरने में शामिल हो गए। निलंबन की कार्रवाई की बात अब सभी नायब तहसीलदार के खिलाफ एफआईआर करने की मांग पर अड़े हुए है।

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया कि नायब तहसीलदार के दबाव के कारण उनके साथी ने मौत को गले लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार सविता राठौर ने नियम विपरीत काम कराने का अनुचित दबाव बनाया और भाई की शादी में भी छुट्टी नहीं दी। पटवारी संघ ने हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है।

## अपहरणकताओं से छुड़ाए गए बालक को पढ़ाएंगे विधायक

**सनावद।** विगत दिनों अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाए गए जूनापानी के बालक प्रदीप और उसके दादाजी ने बुधवार को विधायक सचिन बिरला से मुलाकात की। विधायक ने बालक प्रदीप और उसके दादाजी का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने बालक प्रदीप की संपूर्ण शिक्षा का दायित्व ग्रहण करने का संकल्प लिया एवं प्रदीप के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेशसिंह का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी ।** लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री राकेशसिंह 24 अप्रैल को बड़वानी आगमन होगा। 24 अप्रैल मंदसौर से प्रस्थान कर रात्रि 9.30 बजे बड़वानी आगमन होगा एवं रात्रि विश्राम करेंगे। 25 अप्रैल को प्रातः 11 बजे ग्राम सिलावद में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंकर दोपहर 12 बजे सिलावद से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।



## आराध्या को सरप्राइज देने एयरपोर्ट पहुंचीं ऐश्वर्या राय

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे अपनी बेटी आराध्या बच्चन को रिसीव करने मुंबई एयरपोर्ट पहुंचीं। आराध्या अपने स्कूल ट्रिप से वापस लौटी थीं और ऐश्वर्या ने एयरपोर्ट पहुंचकर उन्हें सरप्राइज कर दिया।

वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही आराध्या एयरपोर्ट के बाहर निकलीं, ऐश्वर्या उन्हें देखकर काफी खुश हुईं। उन्होंने तुरंत अपना फोन निकाला और अपनी बेटी की तस्वीरें और वीडियो लेना शुरू कर दिया। आराध्या भी अपनी मां को देखकर मुस्कुराईं और उन्हें गले लगा लिया। इसके बाद जब आराध्या अपने दोस्तों के साथ पोज दे रही थीं, तब ऐश्वर्या खुद फोटोग्राफर बनकर उनकी ग्रुप फोटो खींचती नजर आईं। अभिषेक ने भी सराहा ऐश्वर्या का अंदाज अभिषेक बच्चन ने भी पहले एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या के 'हैंड्स-ऑन मॉम' होने की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि ऐश्वर्या की वजह से ही वे बेफिक्र होकर बाहर काम कर पाते हैं। अभिषेक के मुताबिक, ऐश्वर्या ने आराध्या को बहुत ही नॉर्मल बचपन दिया है। घर में इतने बड़े एक्टर्स और फेम होने के बावजूद आराध्या को कभी यह महसूस नहीं होने दिया गया कि उनका परिवार बहुत खास है। वह एक सामान्य बच्चे की तरह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना पसंद करती है। हाल ही में मनाई शादी की 19वीं सालगिरह ऐश्वर्या और अभिषेक ने हाल ही में 20 अप्रैल 2026 को अपनी शादी की 19वीं सालगिरह मनाई है। इस मौके पर एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने पति और बेटी के साथ प्यारी सेल्फी भी शेयर की थीं। बता दें कि ऐश्वर्या और अभिषेक की शादी साल 2007 में हुई थी और उनकी बेटी आराध्या का जन्म 2011 में हुआ था।

# आलिया भट्ट के नाम पर पाकिस्तान में फर्जीवाड़ा

### एक्ट्रेस की एआई एडिट फोटो से बेच रहे कपड़े, अलग-अलग इवेंट्स से उठाई तस्वीरें

पाकिस्तानी क्लोदिंग ब्रांड 'वजायशा ऑफिशियल' आलिया भट्ट की कुछ तस्वीरें पोस्ट कर विवादों में आ गया है। आलिया इन तस्वीरों में एथनिक कलेक्शन में नजर आ रही हैं।

लेकिन यह कोई ऑफिशियल शूट नहीं है, बल्कि आलिया की पुरानी तस्वीरों को एआई और डिजिटल एडिटिंग के जरिए ब्रांड के कपड़ों पर सुपरइम्पोज (चिपकाया) किया गया है। पाकिस्तानी ब्रांड आलिया की एआई तस्वीरों के जारिए अपने सिल्क कलेक्शन का प्रमोशन कर रहा है।

ऐसे पकड़ी गई ब्रांड की चोरी 16 अप्रैल को ब्रांड ने इंस्टाग्राम पर एक कैरोसेल पोस्ट किया। इसमें आलिया को गहरे लाल, टील और ब्लैक कलर के सिल्क सूट में दिखाया गया। ब्रांड ने कैप्शन में लिखा- आलिया भट्ट को भी हमारा शीशा सिल्क कलेक्शन पसंद है। लेकिन गौर से देखने पर पता चलता है कि ये तस्वीरें एक्ट्रेस के अलग-अलग इवेंट्स से उठाई गई हैं।

इसमें आलिया का 2024 का लोरियल पेरिस रैंप वॉक वाला 'वेट हेयर लुक' और उनके सब्यसाची फोटोशूट के गहनों का इस्तेमाल किया गया है। यहां तक कि फरवरी 2026 के गुच्ची मिलान फैशन वीक के उनके लुक को भी एडिट किया गया है।

ब्रांड बोला- 'हमें वायरल कर दो' इस पोस्ट पर फैंस का गुस्सा फूट पड़ा। कई लोगों ने पूछा कि क्या आलिया को इस बारे में पता भी है? इस पर ब्रांड ने बिना किसी डर के हंसने वाले इमोजी के साथ रिप्लाई किया- इसे प्लीज वायरल कर दो, ताकि उन्हें भी पता चल जाए। जब एक यूजर ने चेतावनी दी कि वे तुम पर केस कर देंगी, तो ब्रांड ने जवाब दिया- नहीं, वे ऐसा नहीं करेंगी।

यूजर्स ने आलिया को किया टैग सोशल मीडिया पर अब इस ब्रांड को काफी ट्रोल किया जा रहा है। कई यूजर्स ने इसे कॉपीराइट का उल्लंघन बताया है। एक यूजर ने लिखा, यह पूरी तरह से अक का काम है, मैं यह आलिया को भेजूंगा। फैंस लगातार आलिया भट्ट और उनकी टीम को टैग कर रहे हैं ताकि इस कमर्शियल धोखाधड़ी पर एक्शन लिया जा सके।





## सैयारा की टीम फिर साथ दिखेगी

### अहान पांडे-अनीत पड्डा की अगली रोमांटिक फिल्म का ऐलान, 2027 में होगी रिलीज

यश राज फिल्म्स की हिट फिल्म 'सैयारा' की टीम एक बार फिर साथ आ गई है। निर्देशक मोहित सूरी, अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी एक नई इंटेंस रोमांटिक फिल्म में फिर साथ दिखेगी।

'सैयारा' की रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद इस नई फिल्म से भी दर्शकों को वैसी ही केमिस्ट्री और हिट म्यूजिक की उम्मीद है। यह भी फिल्म यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनाई जाएगी। मेकर्स इसे 2027 में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। अहान और अनीत की जोड़ी फिर साथ दिखेगी अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी 'सैयारा' के बाद से ही काफी पॉपुलर हो गई है। मेकर्स का मानना है कि इस नई फिल्म में भी दर्शकों को उनकी वही आकर्षक केमिस्ट्री और सहज अभिनय देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी एक इमोशनल और यादगार सफर की तरह होगी, जिसमें म्यूजिक का बड़ा रोल होगा।



मोहित सूरी बोले- यह घर वापसी जैसा है इस फिल्म को लेकर निर्देशक मोहित सूरी काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए लव स्टोरीज हमेशा से खास रही हैं। जब भावनाएं इतनी गहरी हो जाएं कि उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल हो, तो वही कहानी कहने का असली मजा है।

'सैयारा' की टीम के साथ फिर से काम करना घर वापसी जैसा है। मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं, उम्मीद है कि इस बार भी मेरा संगीत लोगों के दिलों को छूएगा।

'सैयारा' ने बनाए थे कमाई के कई रिकॉर्ड भारतीय सिनेमा के इतिहास में 'सैयारा' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लव स्टोरीज में से एक बनकर उभरी। पूरी तरह से नए कलाकारों के साथ बनी इस फिल्म ने भारत में 338 करोड़ रुपए (नेट) और दुनिया भर में करीब 580 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन किया।

# कॉकटेल पार्टी में नाचीं नोरा फतेही, सेल्फी लेने के लिए बेकाबू हुए फैंस

लुधियाना के पॉश इलाके फिरोजपुर रोड स्थित महाराजा मेंशन में सोमवार की रात बॉलीवुड की डांसिंग क्वीन नोरा फतेही के नाम रही। मौका था शहर के एक नामी समाजसेवी के बेटे के कॉकटेल फंक्शन का, जहां नोरा फतेही ने अपनी कातिलाना अदाओं और डांस मूव्स से समां बांध दिया।

नोरा को अपने बीच पाकर मेहमान उनके साथ सेल्फी लेने के लिए बेकाबू हो रहे थे। बाउंसरों ने मुश्किल से भीड़ को संभाला। इसके बाद लोगों ने नोरा के साथ डांस किया और नोरा पर फिल्माए ओ साकी साकी और ओह मामा तेतेमा जैसे गाने भी गाए।

**लुधियाना में बाउंसरों ने मुश्किल से भीड़ संभाली**

**700 मेहमानों के बीच आकर्षण का केंद्र बनीं नोरा-** इस ग्रैंड सेलिब्रेशन में शहर की करीब 700 नामी हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत सिंगर सहर भाटिया की सुरीली आवाज के साथ हुई, जिन्होंने अपनी गायिकी से माहौल बनाया। हालांकि, जैसे ही नोरा फतेही ने स्टेज पर एंट्री ली, पूरा हॉल तालियों और शोर से गूंज उठा। नोरा ने अपने सिग्नेचर स्टेप्स और मनमोहक स्टेज परजेंस से हर किसी को झूमने पर मजबूर कर दिया।



**सेल्फी की मची होड़, सुरक्षा घेरे में रहीं एक्ट्रेस-** नोरा की परफॉर्मेंस के दौरान वहां मौजूद मेहमान और बच्चे उनके साथ सेल्फी लेने के लिए बेताब दिखे। हर कोई इस पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करना चाहता था। हालांकि, सुरक्षा कारणों और टाइट शेड्यूल की वजह से नोरा ने केवल अपनी तय परफॉर्मेंस दी और उसके तुरंत बाद वे वहां से रवाना हो गईं। वह फंक्शन में करीब 40 मिनट तक रुकी थीं।

**लड्डू ने मेजबानी से जीता दिल-** शहर के सामाजिक हलकों में बेहद लोकप्रिय समाजसेवी लड्डू ने इस जश्न का आयोजन किया था। अपने करीबी दोस्तों और परिवार के लिए रखी गई इस कॉकटेल पार्टी की चर्चा अब पूरे लुधियाना में हो रही है। आयोजन में खान-पान से लेकर सजावट तक, हर चीज में रॉयल टच नजर आया।



### राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हराया

# वैभव सूर्यवंशी के सबसे तेज 500 आईपीएल रन

## जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता, जोफ्रा राजस्थान के हाईएस्ट विकेट टेकर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के 32वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 40 रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज 500 आईपीएल रन पूरे करने का कारनामा किया। रवींद्र जडेजा ने 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लिया। वहीं गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर राजस्थान के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।




- **वैभव के 227 बॉल पर 500 आईपीएल रन-** वैभव सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ मैच में पहली ही गेंद पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 260 गेंदों में अपने पहले 500 रन पूरे किए थे। हालांकि, इस मैच में वैभव 11 गेंदों पर सिर्फ 8 रन ही बना सके।
- **जडेजा ने 17वीं बार जीता प्लेयर ऑफ द मैच-** रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में 17वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड अपने नाम किया। खास बात यह है कि 75 मैचों के बाद पहली बार उन्होंने सीएसके के अलावा किसी दूसरी टीम के लिए यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले उनके 16 पीओटीएम अवॉर्ड चेन्नई के लिए आए थे। भारतीय खिलाड़ियों में उनसे आगे सिर्फ रोहित शर्मा (21), विराट कोहली (19) और एमएस धोनी (18) हैं।
- **घर में लखनऊ की लगातार 7वीं हार-** लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने होम ग्राउंड पर लगातार 7वीं हार का सामना करना पड़ा। यह आईपीएल इतिहास में घर पर सबसे ज्यादा लगातार हार के रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया है, जहां दिल्ली (9 हार) और डेक्कन चार्जर्स (8 हार) जैसे टीम्स इससे ऊपर हैं।
- **आर्चर बने आरआर के सबसे सफल गेंदबाज-** जोफ्रा आर्चर अब राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनके नाम 68 विकेट हो गए हैं। उन्होंने युजवेंद्र चहल (66) और सिद्धार्थ त्रिवेदी (65) को पीछे छोड़ दिया।
- **ऋषभ पंत ने एक हाथ से लपका शानदार कैच-** मोहम्मद शमी के दूसरे ओवर में लगातार एक्शन देखने को मिला, लेकिन सबसे बड़ा मोमेंट रहा ऋषभ पंत का कमाल का कैच। तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर शमी ने तेज बाउंसर डाली, जिस पर यशस्वी जायसवाल ने हुक शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद ग्लव लगकर विकेट के पीछे ऊंची गई, जहां पंत ने हवा में उछलते हुए एक हाथ से शानदार कैच लपक लिया। उनकी टाइमिंग और फुर्ती ने सभी को हैरान कर दिया। इसके बाद अगली ही गेंद पर शमी ने ध्रुव जुरेल को भी आउट कर दिया।
- **मोहसिन ने वैभव को मेडन डाला, आउट भी किया-** मोहसिन खान ने अपने पहले ही ओवर में विकेट-मेडेन ओवर डाला। चौथे ओवर की आखिरी गेंद पर वैभव सूर्यवंशी बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। ऑफ स्टंप पर लेंथ बॉल पर उन्होंने लेग साइड में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन संतुलन खो बैठे और गेंद ठीक से टाइम नहीं कर पाए। कवर की दिशा में गई गेंद को दिग्वेश सिंह राठी ने पीछे दौड़ते हुए शानदार कैच में बदल दिया।
- **वैभव के आउट होने पर गोयनका ने भगवान की तस्वीर को माथे पर लगाई-** मोहसिन खान की गेंद पर वैभव सूर्यवंशी के आउट होते ही एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने भगवान की तस्वीर जेब से निकालकर माथे पर लगाई।
- **पंत रनआउट करने से चूके-** 15वें ओवर में मयंक यादव की धीमी गेंद पर जडेजा ने स्क्वेयर लेग की ओर खेलकर एक रन लिया। इसके बाद दूसरे रन के लिए बड़ी गलतफहमी देखने को मिली। जडेजा ने पहले रन के लिए कॉल किया, फिर अपने साथी डोनोवन फरेरा को वापस भेज दिया, जो आधे रास्ते तक पहुंच चुके थे। डीप से निकोलस पूरन का थ्रो काफी खराब रहा, जिसके बाद ऋषभ पंत ने गेंद पकड़कर बेल्स उड़ाईं, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठे। इस बीच फरेरा ने डाइव लगाकर क्रीज में वापसी कर ली।
- **जडेजा ने इनिंग की आखिरी बॉल पर सिक्स लगाया-** रवींद्र जडेजा ने राजस्थान की पारी के अंतिम ओवर में 3 बाउंड्री लगाई। मयंक यादव के ओवर में जडेजा ने 4, 2, 4, 2, 2 और आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर कुल 20 रन बटोर लिए। आखिरी गेंद पर जडेजा ने फाइन लेग के ऊपर पुल शॉट खेलकर छक्का जड़ा और टीम का स्कोर 159/6 तक पहुंचा दिया।
- **आयुष शून्य पर रनआउट-** लखनऊ की पारी के पहले ओवर की आखिरी बॉल पर आयुष रनआउट हो गए। आर्चर की तेज गेंद पर आयुष बड़ा शॉट खेलने से चूक गए और गेंद पैड से लगकर स्क्वेयर लेग की ओर चली गई। यहां कोई रन नहीं था, लेकिन दोनों बल्लेबाज दौड़ पड़े।

# धोनी आज चेन्नई के लिए वापसी कर सकते हैं



## वानखेड़े में मुंबई से मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल में आज एल-क्लासिको मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से मुंबई में होगा। मैच एमआई के होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। जबकि टॉस शाम 7:00 बजे होगा।

इस मुकाबले में सीएसके के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की वापसी की संभावना है, जो इस सीजन अब तक खेले गए 6 मैचों में नहीं उतरे हैं। वहीं, रोहित शर्मा भी चोट से उबरकर इस मैच में वापसी कर सकते हैं, उन्होंने पिछले दो मुकाबले मिस किए थे। इस सीजन दोनों टीमों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। दोनों ने 6 में से सिर्फ 2 मैच जीते हैं, जबकि 4 में हार का सामना करना पड़ा है। बेहतर नेट रनरेट के कारण मुंबई इंडियंस 7वें स्थान पर है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स 8वें नंबर पर काबिज है।

आईपीएल की दो सबसे सफल टीमों के बीच अब तक 41 मुकाबले हुए हैं, जिसमें एमआई को 22, जबकि सीएसके को 19 में जीत मिली है। वानखेड़े में हुए 13 मैचों में भी टककी टीम 8 और सीएसके ने 5 मैच जीते हैं। लेकिन 2023 से दोनों टीमों के बीच हुए पांच मुकाबलों में टकसिर्फ एक ही मैच जीत पाई है।

तिलक वर्मा इस सीजन मुंबई इंडियंस के लिए शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 144 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक शामिल है। यह शतक पिछले मैच में मुंबई के खिलाफ आया था। उनका स्ट्राइक रेट 187.01 का है।













संयुक्त राष्ट्र का भरोसा

## वैश्विक संकट के बावजूद भारत की स्थिति मजबूत




### इस साल 6.4 फीसदी रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का इस साल 6.4 फीसदी और अगले साल 6.6 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जिसमें मजबूत खपत और सेवा क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट में भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र की विकास प्रक्रिया का अहम इंजन बताया गया है।

पश्चिम एशिया संकट से उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 6.4 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। अगले साल यानी 2027 में वृद्धि की यह रफ्तार और बढ़कर 6.6 फीसदी पहुंच सकती है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद पर भरोसा जताते हुए कहा, आर्थिक वृद्धि के ये आंकड़े एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में देश की निरंतर मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया-प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा, दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 फीसदी की दर से बढ़ीं। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 2024 में इन अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 5.2 फीसदी रही थी। इकनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक-2026 शीर्षक वाली रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारतीय जीडीपी 7.4 फीसदी की मजबूत रफ्तार से बढ़ी। इसे मजबूत खपत (विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग), जीएसटी दरों में कटौती और अमेरिकी टैरिफ लागू होने से पहले निर्यात में तेजी से समर्थन मिला।

### 1825 करोड़ के जीएसटी रिफंड धोखाधड़ी मामले एक गिरफ्तार

# साइबर ठगी केस में 32 धराए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



वित्त मंत्रालय ने बताया कि डीजीजीआई अधिकारियों ने कपिल चुघ को गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर 1,825 करोड़ रुपये के जीएसटी रिफंड धोखाधड़ी का आरोप है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जीएसटी खुफिया निदेशालय (डीजीजीआई) की अहमदाबाद क्षेत्रीय इकाई ने कथित तौर पर जीएसटी रिफंड धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड और कई अन्य आर्थिक आपराधिक मामलों में वांछित चुघ को दुबई से लौटने पर आईजीआई हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया।

मंत्रालय ने कहा, चुघ ने जांच से बचने की कोशिश की और अहमदाबाद स्थित डीजीजीआई, एजेडयू द्वारा जारी किए गए कई समन (कुल 22) का जवाब नहीं दिया और कभी भी जांच में शामिल नहीं हुआ। कई अधिकार क्षेत्रों में लगभग 1,825 करोड़ रुपये की जीएसटी रिफंड धोखाधड़ी करने के बाद वह दुबई भाग गया था।

मामले की जांच से पता चला है कि चुघ ने अपने सहयोगी विपिन शर्मा के साथ मिलकर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का धोखाधड़ी से लाभ उठाने और शून्य-रेटेड आपूर्ति के कारण धनवापसी दावों के माध्यम से बाद में इसे भुनाने की व्यवस्था संचालित की थी।

मंत्रालय ने कहा, कपिल चुघ मुख्य साजिशकर्ता और आदतन आर्थिक अपराधी के रूप में सामने आया है, जिसने फर्जी फर्मों, कर्मचारियों और करीबी सहयोगियों के माध्यम से पूरे नेटवर्क को नियंत्रित किया

**स्वदेशी माइक्रो ड्रोन के लिए आरएफआई जारी-** सरकार ने भारतीय वायुसेना के विशेष बल गरुड़ के लिए अत्याधुनिक माइक्रो मानवरहित व्हीकल (यूएवी) सिस्टम खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर इंफॉर्मेशन (आरएफआई) जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह नई ड्रोन प्रणाली ऊंचाई वाले इलाकों में निगरानी और ऑपरेशन के लिए तैयार की जा रही है। यह समुद्र तल से 16,400 फीट तक की ऊंचाई पर काम कर सकेगी और माइनस 20 डिग्री सेल्सियस से 50 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी सक्रिय रहेगी। यह ड्रोन दिन और रात दोनों समय निगरानी, लक्ष्य पहचान और रियल टाइम जानकारी देने में सक्षम होगा। इसे हल्का बनाया जाएगा, ताकि दो लोग आसानी से साथ लेकर चल सकें।

**ऑपरेशन ऑक्टोपस-1 में 117 लोगों को गिरफ्तार किया गया था-** पुलिस के अनुसार, हाल के समय में निवेश, ट्रेडिंग और 'डिजिटल गिरफ्तारी' जैसे साइबर ठगी के मामलों में तेजी आई है, जहां अपराधी लोगों को डराकर, बहला-फुसलाकर या दबाव बनाकर पैसे ठगते हैं। इसी बढ़ते खतरे को देखते हुए पहले ऑपरेशन ऑक्टोपस 1 चलाया गया था। उस अभियान के दौरान साइबर क्राइम पुलिस ने 350 संदिग्ध बैंक खातों का नेटवर्क पकड़ा, जिनका संबंध देशभर में दर्ज करीब 850 मामलों से था। इन खातों के जरिये लगभग 150 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। फरवरी में 16 राज्यों में कार्रवाई कर 117 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसी कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए 'ऑपरेशन ऑक्टोपस 2.0' शुरू किया गया।

### जीपीएस के बिना भी काम करने की क्षमता...

नए यूएवी की रेंज कम से कम 15 किमी और उड़ान समय 60 मिनट या उससे अधिक रखने की योजना है। इसमें ऑटोमैटिक टेक-ऑफ और लैंडिंग, सुरक्षित एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन व जीपीएस के बिना भी काम करने की क्षमता होगी। इस प्रोजेक्ट में पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर जोर दिया गया है। सरकार बाय (इंडियन-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत कम से कम 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ इसे विकसित करना चाहती है।

### ऑपरेशन ऑक्टोपस 2.0 के तहत साइब ठगी पर नकेल नौ राज्यों में 32 बैंक अधिकारी समेत 52 गिरफ्तार

देशभर में फैले एक बड़े साइबर ठगी नेटवर्क पर हैदराबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 राज्यों में एक साथ छापे मार 52 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस नेटवर्क में 32 बैंक अधिकारियों की संलिप्तता सामने आई है, जो फर्जी खातों के जरिये ठगी के पैसों के लेनदेन में मदद कर रहे थे। पुलिस आयुक्त वी सी सज्जनार ने बताया कि ऑपरेशन ऑक्टोपस 2.0 के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार लोगों में 32 बैंक अधिकारी, 15 म्यूल अकाउंट धारक और 5 बिचौलिए शामिल हैं। जांच में सामने आया कि बैंक अधिकारी फर्जी या म्यूल खाते खोलने में मदद करते थे, जिनका इस्तेमाल साइबर ठगी के पैसों को इधर-उधर करने में होता था। सात दिन तक चले इस अभियान में महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार में एक साथ छापे मारे गए। पुलिस के मुताबिक, म्यूल अकाउंट धारक जानबूझकर अपने खाते ठगों को इस्तेमाल करने देते थे, जबकि बिचौलिए इन खातों की व्यवस्था कर पैसे को मुख्य सरगनाओं तक पहुंचाने का काम करते थे।

अटल पेंशन

## सदस्यों की संख्या नौ करोड़ पार, 36 रुपये का अंतिम लाभांश देगी टेक महिंद्रा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

केंद्र की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजनाङ्खअटल पेंशन योजना (एपीवाई) के सदस्यों की संख्या नौ करोड़ के पार पहुंच गई है। योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभाव के चलते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल नामांकन 1.35 करोड़ सदस्यों से अधिक हो गया है।

**36 रुपये का अंतिम लाभांश देगी टेक महिंद्रा-** टेक महिंद्रा का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़कर 1,353.8 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बोर्ड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए पांच रुपये अंकित मूल्य वाले हर शेयर पर 36 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है। चौथी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 817 घटकर 75,377 रह गई।

**रियल एस्टेट- निवेश 72% बढ़कर रिकॉर्ड 5.1 अरब डॉलर-** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में पूंजी निवेश सालाना आधार पर 72 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 5.1 अरब डॉलर पहुंच गया। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई के मुताबिक, रिकॉर्ड निवेश में डेवलपर्स की मुख्य हिस्सेदारी रही। इसके बाद रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) का स्थान रहा।?आंकड़ों के मुताबिक, कुल निवेश में डेवलपर्स की हिस्सेदारी 42 फीसदी रही, जबकि रीट का 40 फीसदी योगदान रहा।?कुल निवेश का 96 फीसदी हिस्सा घरेलू निवेशकों से प्राप्त हुआ, जिसमें डेवलपर्स की प्रमुख भूमिका रही।

**इंडक्शन चूल्हे के उपकरणों पर सीमा शुल्क घटा सकता है केंद्र-** सरकार घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और पश्चिम एशिया संकट के बीच कीमतों में वृद्धि से निपटने के लिए इंडक्शन चूल्हे के महत्वपूर्ण उपकरणों पर सीमा शुल्क में कटौती करने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने बताया, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने इंडक्शन चूल्हे को और अधिक किफायती बनाने के लिए इन पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने की सिफारिश भी की है। इंडक्शन कुकटॉप क्षेत्र में मांग-आपूर्ति की चुनौतियों से निपटने और आपूर्ति एवं कीमतों को स्थिर करने के लिए उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने वाणिज्य विभाग और बिजली मंत्रालय के साथ मिलकर हितधारकों के साथ परामर्श किया है।

गुजरात के राजकोट में 2,500 करोड़ रुपये के साइबर धोखाधड़ी मामले में

## यस, एक्सिस और एचडीएफसी बैंक के तीन अधिकारी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



गुजरात के राजकोट में 2,500 करोड़ रुपये के साइबर धोखाधड़ी मामले में यस बैंक, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के तीन अधिकारी गिरफ्तार। भारतीय बैंकिंग प्रणाली की सुरक्षा और आंतरिक अनुपालनपर सवाल खड़े करने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है। गुजरात के राजकोट जिले में पुलिस ने 2,500 करोड़ रुपये के एक विशाल साइबर धोखाधड़ी रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस बड़े वित्तीय घोटाले में संलिप्तता के आरोप में तीन प्रमुख निजी बैंकों के अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसके साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 20 तक पहुंच गई है।

**घोटाले का बढ़ता दायरा -** राजकोट (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक विजय गुर्जर द्वारा सोमवार को दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पुलिस की शुरूआती जांच में इस धोखाधड़ी की रकम 1,500 करोड़ रुपये आंकी गई थी। हालांकि, जांच आगे बढ़ने पर इस साइबर धोखाधड़ी से जुड़े कुल लेन-देन का आंकड़ा अब 2,500 करोड़ रुपये को पार कर गया है। पुलिस ने इस रैकेट से जुड़े नेटवर्क को खंगालते हुए अब तक 85 बैंक खातों की पहचान की है। इसके अतिरिक्त, इस बड़े घोटाले को लेकर राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर 535 शिकायतें भी दर्ज की जा चुकी हैं।

**कल्पेश डांगरिया:** इन पर फर्जी और गलत पहचान का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी वाले खाते खुलवाने का आरोप है। इन्होंने कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) से संबंधित कागजातों सहित अन्य दस्तावेजों को इस तरह तैयार किया कि बैंक का सिस्टम इन संदिग्ध लेनदेनों को पकड़ न सके।

**अनुराग बलधा:** इस संगठित गिरोह के हिस्से के रूप में, इन्होंने सत्यापन और प्रमाणन की प्रक्रियाओं को पूरा कर-के नए बैंक खाते खोले।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार, गिरफ्तार किए गए ये तीनों बैंक अधिकारी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं, जबकि इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपी न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद हैं। 2,500 करोड़ रुपये का यह विशाल घोटाला वित्तीय संस्थानों के भीतर 'इनसाइडर' यानी आंतरिक खतरों को उजागर करता है।

### आरोपियों की पहचान और कार्यप्रणाली

इस वित्तीय गड़बड़ी में गिरफ्तार किए गए तीनों अधिकारी नामी निजी बैंकों से जुड़े हैं। इनकी पहचान पडधरी स्थित यस बैंक के पर्सनल मैनेजर मौलिक कमानी, जामनगर स्थित एक्सिस बैंक के मैनेजर कल्पेश डांगरिया और एचडीएफसी बैंक के पर्सनल बैंकर अनुराग बलधा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, डांगरिया और बलधा इससे पहले यस बैंक में भी कार्यरत थे। जांच एजेंसियों ने धोखाधड़ी को अंजाम देने के इन तरीकों का खुलासा किया है:

**मौलिक कमानी:** इन्होंने पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों को संदिग्ध बैंक खाते खोलने और उनके संचालन में मदद की। उच्च-मूल्य वाले लेनदेन पर बजने वाले बैंकिंग अलर्ट से बचने के लिए कमानी ने अतिरिक्त दस्तावेज जमा किए ताकि खाते सक्रिय रहें। इसके अलावा, यह नकद निकासी कर उसे 'हवाला' (अवैध धन हस्तांतरण प्रणाली) के माध्यम से ट्रांसफर करने में भी शामिल थे, जिसके डिजिटल साक्ष्य उनके मोबाइल उपकरण से बरामद हुए हैं।

आरबीआई ने लागू किए नए दिशा-निर्देश

## ऑटो डेबिट नियम सख्त: ग्राहकों को अपने पैसे पर मिलेगा अधिक नियंत्रण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई ने ई-मैंडेट और ऑटो डेबिट से जुड़े नए नियम लागू किए हैं, जिसके तहत अब खाते से पैसा कटने से 24 घंटे पहले ग्राहक को पूरी जानकारी के साथ अलर्ट मिलेगा और वह चाहें तो भुगतान रोक भी सकेगा। नई व्यवस्था में ओटीटी, बीमा, ईएमआई और बिल जैसे सभी ऑटो भुगतान पर ग्राहकों का नियंत्रण बढ़ाया गया है और ई-मैंडेट को बदलना या बंद करना भी आसान किया गया है। पढ़िए रिपोर्ट-

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ई-मैंडेट से जुड़े नए दिशा-निर्देश मंगलवार से लागू कर दिए। नए नियमों के तहत, खाते से पैसा काटने (ऑटो डेबिट) से 24 घंटे पहले संबंधित बैंक या कार्ड जारी करने वाले वित्तीय संस्थानों को इसका अलर्ट ग्राहक को देना होगा। ये नियम उन सभी ऑटो भुगतान जैसे ओटीटी सब्सक्रिप्शन, बीमा प्रीमियम, बिल भुगतान, एसआईपी और ईएमआई पर लागू होंगे, जो कार्ड, यूपीआई या प्रीपेड माध्यमों से किए जाते हैं। दरअसल, आरबीआई ने ऑटो डेबिट को आसान व सुरक्षित बनाने के लिए डिजिटल पेमेंट्स-ई-मैंडेट फ्रेमवर्क, 2026 जारी किया है। नए नियमों के जरिये ग्राहक कभी भी अपने ई-मैंडेट को बदल या पूरी तरह बंद कर सकते हैं। इससे उन्हें खाते से कटने वाले पैसों पर अधिक नियंत्रण मिलेगा। यदि आपने कोई ऑटो डेबिट चालू किया है और अब बंद करना चाहते हैं, तो ई-मैंडेट रद्द या बदल सकते हैं। हालांकि, ऑटो डेबिट सुविधा शुरू करने से पूर्व ग्राहक को एकबार पंजीकरण कराना होगा। वहीं, डेबिट या क्रेडिट कार्ड एक्सपायर होने पर सब्सक्रिप्शन सेवाओं के लिए बार-बार बैंक के चक्कर काटने या एप अपडेट की जरूरत नहीं पड़ेगी। बैंक पुराने कार्ड के सभी भुगतान निर्देशों को नए कार्ड पर ट्रांसफर करेंगे।

**देना होगा पूरा ब्योरा-** ऑटो डेबिट से 24 घंटे पहले ग्राहक को मिलने वाले अलर्ट में बैंकों या वित्तीय संस्थानों को यह बताना होगा कि किस कंपनी को पैसा जाएगा। कब और कितनी रकम कटेगी। रेफरेंस नंबर क्या होगा, ताकि गड़बड़ी की स्थिति में ग्राहक तुरंत कार्रवाई कर सके।

## यूपी के मिर्जापुर में सड़क हादसा, 11 की मौत: इनमें से 9 जिंदा जले



ब्रह्मास्त्र ›› मिर्जापुर

यूपी के मिर्जापुर में बुधवार रात सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश से गिट्टी लादकर आ रहा ट्राला ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्राले ने पहले स्विफ्ट कार को टक्कर मारी, फिर एक ट्रक से जा टकराया। कार, ट्राले और ट्रक के बीच फंस गई।

इस दौरान पीछे से आ रही बोलेरो ट्रेलर में जा घुसी। बोलेरो में तेज धमाके के साथ आग लग गई। ड्राइवर समेत नौ लोग जिंदा जल गए। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार थे। इनके अलावा स्विफ्ट कार का ड्राइवर और ट्रक के क्लीनर की भी मौत हो गई। हादसा ड्रमडगंज थाना क्षेत्र में हुआ।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया- बोलेरो सवार सभी लोग जिगना थाना के नरैना गांव के रहने वाले थे। परिवार मैहर से बेटे का मुंडन कराकर लौट रहा था। हादसे में 8 साल के बच्चे और उसकी मां की भी मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल ट्रक क्लीनर को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया।

मिर्जापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात साढ़े 9 बजे बड़का मोड़ से एक ट्राला गिट्टी लादकर जा रहा था। अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया। इसी बीच ट्राले के पीछे चल रही एक बोलेरो भी ढलान से नीचे उतर रही थी। तभी बेकाबू ट्राला स्विफ्ट कार को रौंदते हुए एक ट्रक से टकरा गया। तभी पीछे से आ रही बोलेरो ट्राले से जा भिड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो में तुरंत आग लग गई। आग लगने से बोलेरो में सवार सभी यात्री अंदर ही फंस गए और जिंदा जल गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

### -4° तापमान में दर्शन करेंगे 7 हजार श्रद्धालु, 6 महीने बाद भी घी से लबालब मिला घृत कंबल

# 149 दिन बाद खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

चारधाम यात्रा के पांचवें दिन आज चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट विधिवत रूप से खोल दिए गए हैं। सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर मंदिर के द्वार खुलते ही भगवान बद्रीविशाल के दर्शन शुरू हो गए हैं। सबसे पहले मंदिर में रावल ने प्रवेश किया। इस अवसर पर सीएम पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। अनुमान है कि पहले दिन - 4त्उ तापमान के बीच करीब 7 हजार लोग दर्शन करेंगे।

कपाट खुलने के बाद अंदर पूजाएं शुरू हो गई हैं। यहां सबसे पहले बीते छह महीनों से जल रही अखंड ज्योति के दर्शन किए जा रहे हैं। कपाट बंद होने के बद्रीविशाल पर चढ़ा घृत कंबल हटा दिया गया है। बद्रीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी आचार्य भुवन चंद्र उनियाल ने बताया कि इस साल कंबल घी में लबालब मिला है, जो ये संकेत देता है कि पूरे साल मौसम अनुकूल रहेगा।

घृत कंबल माणा गांव की कुंवारी लड़कियां एक ही दिन में उपवास रखकर बनाती हैं। ऊन से बने इस कंबल को बद्री गाय के शुद्ध घी में अच्छी तरह डुबोया जाता है। कपाट बंद होने से पहले भगवान बद्रीविशाल की प्रतिमा को इसी कंबल से पूरी तरह ढक दिया जाता है और धाम 6 महीने के लिए बंद हो जाता है। इस दौरान बर्फबारी और माइनस तापमान में भी कंबल में लगा घी जमता नहीं है। कपाट खुलने पर जब कंबल हटाया जाता है, तो उसकी हालत को संकेत माना जाता है। अगर कंबल सही सलामत, नरम और घी से भरा मिले, तो इसे अच्छे मौसम, फसल और समृद्धि का संकेत माना जाता है। अगर कंबल सूखा, फटा या सिकुड़ा हुआ मिले, तो इसे कम बारिश, मुश्किल मौसम या सामान्य से कमजोर साल के संकेत के रूप में देखा जाता है।

### अब चारों धामों के कपाट खुल चुके

बद्रीनाथ के कपाट खुलते ही अब श्रद्धालु उत्तराखंड में स्थित चारों धामों के दर्शन कर पाएंगे। इससे पहले अक्षय तृतीया के मौके पर 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले थे, जिसके तीन दिन बाद 22 अप्रैल को बाबा केदारनाथ के कपाट खोले गए। राज्य सरकार का दावा है कि इस बार यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने का प्रयास किया गया है जिसके कारण 2025 के मुकाबले इस साल ज्यादा श्रद्धालु पहुंचेंगे।

2025 में करीब 51,06,346 श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए थे। यह संख्या साल 2024 की तुलना में लगभग 4.35 लाख ज्यादा थी। वहीं, इस साल अभी तक 21 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने यात्रा में शामिल होने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है।






### हिमालय में सजा भोले बाबा का दरबार

विश्व प्रसिद्ध भगवान केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार सुबह 8 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ देश-विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों एवं 8वीं सिखलाई रेजीमेंट के बैंड की मधुर धुनों के बीच बाबा केदार के कपाट खोले गए। धार्मिक परम्परा संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाबा केदार के दर्शन करते हुए सम्पूर्ण प्रदेश और देश की खुशहाली की प्रार्थना की। पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से कराते हुए विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई। सुबह 7 बजे केदारनाथ रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्य पुजारी टी गंगाधर लिंग, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की देखरेख में मंदिर के द्वार पर कपाट खोलने को लेकर सभी औपचारिकताएं की गई। वेदपाठी, आचार्य और तीर्थपुरोहित के वेद मंत्रों के बीच ठीक 8 बजे मंदिर का मुख्य द्वार खोला गया।

### साल दर साल बढ़ रही बाबा के भक्तों की संख्या

केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार को खुल गए। पहले ही दिन भक्तों की भारी भीड़ धाम में उमड़ी। पिछले कुछ सालों में केदारनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या चारों धामों में सबसे अधिक रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केदारनाथ धाम में आने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी पहले के मुकाबले अधिक बढ़ी है। वर्ष 2019 तक बदरीनाथ धाम में केदारनाथ धाम से सवा दो लाख से अधिक श्रद्धालु आते थे। धीरे-धीरे ये अंतर कम होना शुरू हुआ। 2023 से अब केदारनाथ धाम में श्रद्धालु अधिक संख्या में आना शुरू हो गए हैं।

### ईरानी जलमार्ग में भारतीय झंडे वाले दो पोत पर गोलीबारी को लेकर स्थिति स्पष्ट की

# होर्मुज से पोत निकालने के लिए कोई भुगतान नहीं किया : भारत

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत ने बुधवार को उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि होर्मुज से अपने पोत की सुरक्षित निकासी के लिए ईरान को नगद या क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान किया गया है।

यह स्पष्टीकरण उन घटनाओं के बाद आया है जब 18 अप्रैल को भारतीय झंडे वाले दो पोत को ईरानी सेना की गोलीबारी के कारण वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा था। भारतीय टैंकर सनमार हेराल्ड के कप्तान की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई है, जिसमें वह ईरानी सुरक्षा बलों से गोलीबारी रोकने की गुहार लगा रहे हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने इन खबरों को फर्जी करार दिया। कहा कि कोई भुगतान नहीं किया गया है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सरकार ने नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के भीतर एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जो दिन-रात कार्य कर रहा है।

पश्चिमी एशिया में जारी तनाव का असर भारतीय अर्थव्यवस्था और आम आदमी की जेब पर दिख रहा है। खाड़ी देशों को होने वाला निर्यात घट रहा है। वहीं, आयात से जुड़े खर्च बढ़ रहे हैं।



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच मौजूदा वक्त में संघर्ष विराम है लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद होने भारत का ऊर्जा खर्च बढ़ रहा है। ऐसे में आशंका है कि आने वाले दिनों में भारत में महंगाई बढ़ सकती है क्योंकि कोल्ड ड्रिंक कैन समेत कई चीजों की सप्लाई में दिक्कत होने लगी है।

तनाव के चलते भारत का खाड़ी देशों के साथ होने वाले कारोबार प्रभावित हुआ है। युद्ध शुरू होने के बाद से भारत का कुल वस्तु निर्यात करीब साढ़े सात फीसदी गिरकर 38.92 अरब रह गया है, जो बीते वर्ष मार्च में 42.05 अरब डॉलर का रहा था। इसी तरह से आयात में 6.9 प्रतिशत की गिरावट आई है जो 63.74 अरब डॉलर से गिरकर 59.59 अरब डॉलर का रहा है। संघर्ष के चलते और होर्मुज के बंद होने के कारण मार्च तक पश्चिमी एशिया को होने वाला निर्यात 57.95 प्रतिशत गिरा जबकि आयात में 51.64 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। तनाव के चलते हर महीने करीब चार अरब तक का निर्यात जोखिम में फंसा है जबकि आयात आठ लाख करोड़ का खतरे में है। पेट्रोलियम उत्पादों की आयात लागत काफी बढ़ गई है। युद्ध के दौरान करीब 30 लाख टन एल्युमिनियम प्रभावित हुई है, जिससे कीमतों पर असर पड़ा है।

### समुद्र में निकासी के नाम पर निशाना बना रहे साइबर ठग

**एक पोत बन चुका शिकार-** रॉयटर्स के अनुसार एक पोत ने झांसे में आकर इन ठगों को भुगतान भी कर दिया था। 18 अप्रैल को जब ईरान ने जांच के लिए होर्मुज का मार्ग खोला तो जिन पोतों ने इन फर्जी निदेर्शों का पालन किया था, उन्हें भी ईरानी गश्ती नौकाओं की गोलीबारी का सामना करना पड़ा और लौट गए। बाद में पता चला भुगतान लेने वाले ईरानी प्रशासन से नहीं थे। **ठगी का तरीका-** कंपनियों को ईमेल भेजकर कहा जाता है कि वे अपने जहाज के दस्तावेज ईरानी सुरक्षा सेवाओं को समीक्षा के लिए सौंपें। दस्तावेज मिलने के बाद ठग एक ट्रांजिट फीस तय करते हैं। इसके बदले वे सुरक्षित मार्ग का संदेश भेजते हैं, जिसमें लिखा होता है-फीस मिलने के बाद ही आपका जहाज बिना किसी बाधा के तय समय पर होर्मुज को पार कर सकेगा।

### आंकड़ों में बढ़ता डिजिटल अपराध

होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का लगभग 20% तेल और गैस गुजरता है, जो वर्तमान में युद्ध की वजह से बंद पड़ा है। इसी मजबूरी का फायदा ठग उठा रहे हैं। क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया की हर हलचल का हिसाब रखने वाली संस्था डेफीलामा के डाटा के अनुसार, अकेले अप्रैल 2026 में क्रिप्टो हैकिंग और स्कैम से होने वाला नुकसान करीब ?5000 करोड़ के पार पहुंच चुका है।

## गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह आ रहे मालवाहक पोत को ईरान ने होर्मुज में गोलीबारी कर रोका

# भारत आ रहे पोत पर किया कब्जा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ इरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से संघर्ष विराम बढ़ाए जाने के कुछ देर बाद ही ईरान ने बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर रहे दो पोत को कब्जे में ले लिया। इसमें से एक पोत भारत आ रहा था। इनके अलावा एक अन्य पोत पर गोलीबारी की।

फरवरी में अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध शुरू होने के बाद ईरान द्वारा किसी पोत की यह पहली जब्ती है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया कि उसकी नौसेना ने नियमों के उल्लंघन पर दोनों पोत को पकड़ा है। आरोप लगाया कि ये पोत बिना अनुमति के संचालित किए जा रहे थे और अपने नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ की थी।

जब्त पोत की पहचान पनामा के ध्वज वाले एमएससी फ्रांसेस्का और लाइबेरिया के ध्वज वाले एपामिनोडास के रूप में हुई है। पोत ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, एपामिनोडास गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह जा रहा था। इसने दुबई से यात्रा शुरू की थी। इसके मालिक और इसमें लदे सामान का ब्योरा नहीं मिल सका है। पोत के कैप्टन ने बताया कि उन्हें होर्मुज से गुजरने की अनुमति मिली हुई थी, इसके बावजूद बिना चेतावनी के गोलियां बरसाई गईं। वहीं, एमएससी फ्रांसेस्का को इजरायली स्वामित्व वाला बताया गया है। यह श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह की ओर जा रहा था।

गोलीबारी के साथ रॉकेट भी दागेः रिपोर्ट के अनुसार, एपामिनोडास पर ओमान के तट के पास गोलीबारी कर रॉकेट से हमला किया गया। इससे पोत के कमांड सेंटर को नुकसान पहुंचा। पोत पर चालक दल के 21 सदस्य सवार हैं। सभी सुरक्षित हैं। आरोप है कि रिवोल्यूशनरी गार्ड ने बिना चेतावनी के पोत पर गोलीबारी की। यूफोरिया नामक तीसरे पोत पर गोलीबारी कर उसे रोक दिया गया। उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा। बाद में उसे छोड़ दिया गया और वह यूएई पहुंच गया है।

30 से अधिक पोत पर अबतक हमले : ईरानी समाचार एजेंसियों का दावा है कि ताजा कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य पर कानूनी नियंत्रण लागू करने के लिए की गई थी, क्योंकि चेतावनियों को पोत ने नजरअंदाज किया। बता दें कि 28 फरवरी 2026 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक मध्य पूर्व में विभिन्न पोत पर 30 से अधिक हमले हो चुके हैं।

ईरान ने कहा है कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्टेट को दोबारा नहीं खोला जाएगा। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि सीजफायर के उल्लंघन के बीच यह संभव नहीं है।

गालिबाफ ने आरोप लगाया कि अमेरिकी नाकेबंदी ईरानी बंदरगाहों को निशाना बना रही है और यह वैश्विक अर्थव्यवस्था को बंधक बनाने जैसा है। उन्होंने कहा कि पूर्ण सीजफायर तभी संभव है, जब नाकेबंदी खत्म हो।

दूसरी तरफ अमेरिका और ईरान के बीच शुक्रवार को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बैठक होने की संभावना है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की मध्यस्थता के बाद दोनों देश जल्द बातचीत की टेबल पर लौट सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कहा है कि यह बैठक जल्द होना संभव है।

**तेल पर छूट बढ़ी:** अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद पर लगी पाबंदियों में दी गई छूट को 30 दिन के लिए बढ़ा दिया है। यह फैसला करीब 10 देशों की मांग पर लिया गया है, जो तेल की कमी का सामना कर सकते हैं।

**ट्रम्प का एकतरफा सीजफायर:** अमेरिका ने पाकिस्तान की अपील पर ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम (सीजफायर) को आगे बढ़ाया गया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान में इस समय नेतृत्व और सरकार में एकजुटता नहीं है।

**ईरान का सीजफायर से इनकार:** ईरान ने किसी भी तरह के सीजफायर से इनकार किया है। मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाकर कालीबाफ ने कहा कि सीजफायर तभी संभव है जब नाकाबंदी हटाई जाए।

## नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग का इस्तीफा, मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी से संबंधों पर विवाद



ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी और कारोबारी दीपक भट्ट से संबंध का आरोप है। इसके अलावा निवेश और वित्तीय लेनदेन को लेकर भी सवाल उठे हैं। नेपाल के अखबार कांतिपुर की रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने निष्पक्ष जांच और हितों के टकराव से बचने के लिए पद छोड़ने की बात कही। गुरुंग ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, ह्यमैंने अपने खिलाफ उठे सवालों को गंभीरता से लिया है। मेरे लिए नैतिकता किसी भी पद से बड़ी है और जनता का भरोसा सबसे बड़ी ताकत है।ह्न

यह नेपाल की नई सरकार में एक महीने के भीतर दूसरा मामला है, जब किसी मंत्री को पद छोड़ना पड़ा है। इससे पहले 9 अप्रैल को श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह को अनुशासनहीनता के आरोप में हटाया गया था।

### दीपक भट्ट की गिरफ्तारी के बाद गुरुंग पर सवाल उठे

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुंग के कारोबारी दीपक भट्ट से संबंधों को लेकर विवाद हुआ। दीपक भट्ट को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच जारी है। भट्ट की गिरफ्तारी के बाद गुरुंग की वित्तीय गतिविधियों, निवेश और शेयर को लेकर सवाल उठने लगे थे। मीडिया में उनके कथित संबंध और असामान्य ट्रांजेक्शन पर लगातार रिपोर्ट्स आईं। कांतिपुर को मिले बैंक रिकॉर्ड के अनुसार, गुरुंग के निजी खाते, उनकी संस्था ह्यहामी नेपालह्न और कंपनियों के बीच बड़े पैमाने पर लेनदेन हुए। इनमें कई ट्रांजैक्शन ऐसे हैं, जिनका सोर्स और उद्देश्य साफ नहीं हैं।

रिकॉर्ड बताते हैं कि ह्यहामी नेपालह्न के खाते हिमालयन बैंक और नबिल बैंक में थे। फरवरी 2025 में हिमालयन बैंक का खाता बंद किया गया, जिसमें 53.4 लाख रुपए थे। इसमें से 30.9 लाख रुपये नबिल बैंक में ट्रांसफर किए गए। नबिल बैंक खाते में जुलाई 2021 से अगस्त 2025 के बीच 2.28 करोड़ रुपये जमा हुए। इनमें 2015 में मनीता देवकोटा नाम के व्यक्ति ने 4.40 लाख रुपये ट्रांसफर किए, जिनकी पहचान सार्वजनिक नहीं है।



## ब्रिटेन- 2008 के बाद जन्मे लोग तंबाकू नहीं खरीद पाएंगे:जनरेशन बैन कानून दोनों सदनों में पास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्रिटेन

ब्रिटेन ने धूम्रपान को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। अब वहां नई पीढ़ी के लोगों के लिए सिगरेट खरीदना हमेशा के लिए बंद करने की तैयारी हो गई है। सरकार ने ह्यटोबैको एंड वेप्स बिलह्न पास कर दिया है। इसके तहत 2008 के बाद पैदा हुए लोग जिंदगी भर तंबाकू से जुड़ी चीजें नहीं खरीद पाएंगे। संसद से बिल पास हो चुका है और अब सिर्फ किंग चार्ल्स ककक की औपचारिक मंजूरी बाकी है, जिसके बाद यह कानून बन जाएगा। यह पूरे ब्रिटेन यानी इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में लागू होगा। सरकार ने यह बिल 2024 में पेश किया था और इसे अपनी बड़ी प्राथमिकताओं में रखा था। नए नियम के अनुसार, 1 जनवरी 2027 से यह कानून लागू होगा। वेपिंग (ई-सिगरेट) पर भी सख्ती की गई है। स्कूल, अस्पताल और बच्चों के खेलने की जगहों पर स्मोकिंग पूरी तरह बंद होगी। कई इनडोर जगहों पर वेपिंग भी नहीं कर सकेंगे।

## जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने 20 हजार फ्लाइट्स रद्द कीं, ईरान जंग से ईंधन महंगा; यूरोप में सिर्फ 6 हफ्ते का जेट फ्यूल बाकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जर्मनी

जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा ने मई से अक्टूबर तक 20 हजार शॉर्ट-हॉल फ्लाइट्स रद्द करने का फैसला लिया है। ईरान जंग के कारण यूरोप में जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। कंपनी के मुताबिक इससे करीब 40 हजार टन जेट फ्यूल की बचत होगी।

कंपनी ने सोमवार से रोजाना करीब 120 उड़ानें घटाई हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब स्टेट ऑफ होर्मुज बंद रहने से तेल सप्लाई प्रभावित हुई और यूरोप में जेट फ्यूल सप्लाई की चिंता बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (कएअ) ने चेतावनी दी है कि यूरोप के पास केवल 6 हफ्तों का जेट फ्यूल बचा है।

जर्मन एयरलाइंस लुफ्थांसा ने गर्मियों के मौसम के अंत तक घाटे वाले रूट्स बंद करने का फैसला लिया है। लुफ्थांसा ने मंगलवार को




कहा कि वह अपने छोटे रूट के नेटवर्क में बदलाव करके गर्मियों का फ्लाइट शेड्यूल स्थिर रखेगी। कंपनी अप्रैल के आखिर या मई की शुरुआत में पूरी योजना जारी करेगी।

कंपनी ने अपने नेटवर्क में बड़े बदलाव किए हैं। फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख से घाटे वाले रूट बंद किए जा रहे हैं, जबकि ज्यूरिख, ब्रसेल्स और वियना से उड़ानें बढ़ाई जाएंगी। इससे यात्रियों को लंबी दूरी की उड़ानों से बेहतर कनेक्शन मिलेगा।


गर्मियों के अंत तक लंबी दूरी की उड़ानों की क्षमता थोड़ी कम की जाएगी। 6 बड़े विमान हटाए जाएंगे, 2 बोइंग 747 सर्दियों में नहीं उड़ेंगे और 4 एयरबस अ340-600 विमान अक्टूबर में हमेशा के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

खर्च कम करने के लिए कंपनी अपने सिटीलाइन बेड़े के 27 विमान भी बंद कर रही है। इसके पीछे महंगा ईंधन और कर्मचारियों से जुड़े विवाद मुख्य वजह बताए गए हैं।

### यूरोप में जेट फ्यूल की किल्लत

ईरान जंग के कारण होर्मुज स्टेट पर शुरूआत से तनाव बना हुआ है। इससे ईंधन और गैस सप्लाई प्रभावित हुआ है। हालांकि, यूरोप के ट्रांसपोर्ट मंत्री जेट फ्यूल की कमी से निपटने के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं। यूरोपीय संघ (एव) वैकल्पिक अमेरिकी जेट फ्यूल और बाहर से ज्यादा फ्यूल भरने की अनुमति जैसे विकल्पों पर विचार कर रहा है। यूरोप की रायनएयर एयरलाइन के प्रमुख माइकल ओ लेरी ने चेतावनी दी कि अगर होर्मुज स्टेट बंद रहा तो मई से सप्लाई बाधित हो सकती है। दुनिया भर की एयरलाइंस पर इसका असर दिख रहा है। अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस ने करीब 3.5% नेटवर्क में कटौती कर 1 बिलियन डॉलर बचाने की योजना बनाई है। हांगकांग की कैथे पैसिफिक, मलेशिया की एयर एशिया और न्यूजीलैंड की एयर न्यूजीलैंड जैसी एयरलाइंस भी रूट कम कर रही हैं।

## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी-3, 2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग्य, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

**ऊपर से नीचे**

1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरूर, नशा,गरूर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाइन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 5 | = | 52 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 52 | | 80 | | 78 | | 10 | = | 44 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 97 | | 58 | | 25 | | 2 | = | 16 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 3 | | 20 | | 2 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 25 | | 21 | | 38 | | 27 | = | 4 / 15 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | अ | ज | व | न | र | ट |
| दा | ठ | अ | न | आ | नो | ग | ट | इ | ह | थि |
| अ | व | नू | पू | ग | ख्या | थ | त | ग | क | ल |
| द् | जा | व | ते | र्व | ज | क्ष | म | न | त | बा |
| भु | त | र | दा | शै | र्ल | ग | गो | ग | व | ण |
| त | ट | म | लि | य | अ | पू | न | ला | र | नी |
| ती | जं | म | ठ | हि | प | बु | श | र | ज | ल |
| क | ल | ग | ला | वि | व | श्री | प | ल | न | ण |
| ने | व | म | बा | फ | वि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | प | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वि | से | ष | त | त | ल | ज | र | या | त | थ |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 7 | | 6 | 4 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | 2 | 31 | 1 |
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 5 | 29 | 1 | 33 | | 37 | 6 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 2 |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# महाकुंभ की वायरल साध्वी हर्षा के मेकअप पर सवाल

# धूप में खड़े रहना है तो सनस्क्रीन जरूरी; आंखों में दिक्कत इसलिए चश्मा लगाया



**सोशल मीडिया ट्रेंड से चर्चा में आई महाकुंभ-24 की वायरल साध्वी हर्षा रिछारिया अब आधिकारिक रूप से संन्यास ले चुकी हैं। अब वे हर्षानंद गिरि के नाम से जानी जाएंगी। उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में उन्हें महामंडलेश्वर सुमनानंदजी महाराज ने दीक्षा दिलाई। महाकुंभ से अब तक का समय उन्होंने बेहद कठिन बताया।**

**परिवार की बात करते हुए उनकी आंखें नम हो गईं। वहीं अब आगे के जीवन को लेकर हर्षा का कहना है कि वह लव जिहाद और धर्मांतरण के खिलाफ काम करेंगी। हर्षा ने ग्लैमर की दुनिया से अब नाता तोड़ लिया है, लेकिन अब भी मेकअप और स्टाइलिश चश्मे में नजर आ रही हैं।**

## जीवन में ऐसा क्या घटा कि ग्लैमर से सीधे दीक्षा तक पहुंच गईं?

अध्यात्म का रास्ता कौन चुनेगा, यह व्यक्ति खुद तय नहीं करता। यह परिवर्तन अपने आप आता है। जब ईश्वर की कृपा होती है तो सब कुछ सहज हो जाता है। इसमें बहुत सुकून मिलता है।

## सोशल मीडिया में आपके ग्लैमरस फोटो और अब सीधे भगवा वेश, ऐसा बदलाव क्यों?

हर व्यक्ति के जीवन में एक मोड़ आता है। मेरे जीवन में भी बहुत कुछ हुआ। आर्थिक नुकसान, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और भी कई बातें। जब डॉक्टर जवाब दे देते हैं और महादेव के दरबार में राहत मिलती है, तो झुकाव अपने आप धर्म की ओर हो जाता है। 2019 से मेरा रुझान लगातार बढ़ा। कई बार केदारनाथ गई, वहीं से जीवन बदला।

## क्या ये दीक्षा महाकुंभ के बाद हुई कंट्रोवर्सी का जवाब है?

किसी भी क्षेत्र में काम करने वाला व्यक्ति अगर विवादों में नहीं आता तो उसे सम्मान मिल जाता है। अगर विवाद होता है तो उसी व्यक्ति को पूरी तरह गलत ठहरा दिया जाता है। मेरी गलती कोई साबित नहीं कर पाया। क्या रथ पर बैठना गलत था? कुछ लोगों ने मेरे चरित्र पर सवाल उठाए, खुद ही बहस की और ट्रोल किया। यह उनकी मानसिकता थी। मैं आज अपने गुरु के साथ हूं।

## भगवा वेश में हैं, लेकिन मेकअप, स्टाइलिश चश्मा और बालों में कलर अब भी है?

मेरी आंखें कमजोर हैं, इसलिए चश्मा लगाती हूं। कभी लेंस भी लगाती हूं, वह भी पावर के होते हैं। आज दाईं आंख में दिक्कत है, डॉक्टर को दिखाना है। फिर भी सवाल उठते हैं। मैं सिर्फ सनस्क्रीन, लिप बाम और काजल लगाती हूं। अगर कोई कहे कि धूप में खड़े रहो और सनस्क्रीन मत लगाओ, तो यह संभव नहीं है। मैं किसी पर कुछ थोप नहीं रही हूं। मेरे गुरु जो कहेंगे, वही करूंगी।

# रत्नाकर वाल्मीकि हो सकते हैं, तो हर्षा साध्वी क्यों नहीं

## ग्लैमर से संन्यास तक हर्षा रिछारिया का सफर...



- **मूल निवास:** भोपाल, मध्य प्रदेश।
- **जन्मदिन:** 26 मार्च।
- **पूर्व पेशा:** मॉडल, स्टेज एंकर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर।
- **कंटेंट:** धार्मिक व आध्यात्मिक विषयों पर आधारित वीडियो और पोस्ट।
- **महाकुंभ 2025:** जनवरी 2025 में प्रयागराज में निरंजनी अखाड़े की पेशवाई में रथ पर सवार हुईं। पीले वस्त्र, रुद्राक्ष माला और तिलक के साथ वायरल हुईं।
- **विवाद:** कुछ साधु-संतों ने निशाने पर लिया, लेकिन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने समर्थन किया।
- **जनवरी 2026:** मानसिक दबाव और लगातार विरोध के बाद धर्म की राह छोड़ने का ऐलान किया।
- **अप्रैल 2026:** अक्षय तृतीया पर उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में संन्यास दीक्षा ली। शिखा त्याग, पिंडदान आदि सभी संस्कार पूरे किए।
- **नया नाम:** स्वामी हर्षानंद गिरि।



**भारती ने भी हर्षा के बाद दीक्षा ली, लेकिन भारती का मुंडन हुआ, जबकि हर्षा का नहीं। इससे नया विवाद खड़ा हो गया।**

## दीक्षा के बाद आगे की क्या योजना है?

धर्म परिवर्तन और लव जिहाद के मुद्दों पर काम करेंगे। आज के समय में बेटियों को आसानी से बहकाया जाता है। इसके खिलाफ जागरूकता जरूरी है।

हम सेमिनार करेंगे, बेटियों को प्रशिक्षित करेंगे और संगठित रूप से समाज में फैली इस समस्या के खिलाफ काम करेंगे। (भावुक होते हुए ) महाकुंभ के बाद से मैं अकेली हूं। दोस्तों से बातचीत बंद है। परिवार के लिए यह बहुत कठिन समय है। तीन पीढ़ियों बाद घर में बेटी हो और वह संन्यास ले ले, तो स्वीकार करना आसान नहीं होता।

मां की तबीयत खराब है, भाई भी बात नहीं कर रहा। लेकिन समय के साथ सब ठीक होगा।

सिलीगुड़ी की छात्रा भारती ने निरंजनी अखाड़ा परिषद के दीक्षा नियमों के तहत मुंडन कराया है। अखाड़े से जुड़े लोगों ने बताया कि निरंजनी अखाड़ा दशनामी संन्यासी परंपरा को मानता है।

इसके तहत मुंडन सामान्य प्रक्रिया में दीक्षा के लिए अनिवार्य है, लेकिन महिलाओं के मामले में गुरु की इच्छा पर ही ये प्रक्रिया निर्भर है। व्यावहारिक रूप से अनुशासन, संयम और त्याग की भावना ही सभी नियमों से ऊपर रखी जाती है। हालांकि प्रतीकात्मक रूप से केश दान के रूप में हर्षा के बाल भी काटे गए हैं। मौनी तीर्थ पीठाधीश्वर और महामंडलेश्वर सुमनानंदजी महाराज ने कहा कि इस लोक के लिए शिक्षा और परलोक के लिए दीक्षा होती है। यह परिवर्तन ईश्वर की कृपा से ही संभव है। जैसे रत्नाकर वाल्मीकि बने, वैसे ही हर्षा का हर्षानंद गिरी बनना स्वाभाविक है। दीक्षा का अर्थ है-पूर्व जीवन का पूर्ण त्याग। अच्छे-बुरे सभी कर्मों से मुक्त होकर एक नए आध्यात्मिक जीवन की शुरूआत।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कंटेंट क्रिएटर और मॉडल हर्षा रिछारिया ने रविवार को अक्षय तृतीया पर संन्यास ले लिया। उन्हें उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने संन्यास दीक्षा दी।



- **पुराना प्रोफेशन और लुक:** भगवा वेश में वायरल होने के बाद उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सामने आईं, जिस पर सवाल उठे।
- **संन्यास पर सवाल:** शुरुआत में खुद को साध्वी कहने पर ऐतराज, बाद में उज्जैन में दीक्षा लेकर साध्वी बनीं।
- **डीपफेक का आरोप:** एआई के जरिए फर्जी वीडियो बनाकर छवि खराब करने की शिकायत।
- **धमकियां और विरोध:** धर्म की राह छोड़ने तक का विचार आया, लेकिन बाद में निर्णय पर कायम रहीं।

■ वर्ष-12 अंक-169 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 23 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

मातेव रक्षति पितेव हिते नियुंक्ते कान्तेव चापि रमयत्यपनीय खेदम्।
लक्ष्मीं तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिम् किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या।।

**भावार्थ** : विद्या माता के समान रक्षा करती है, पिता के समान लाभ करती है, पत्नी के समान थकान दूर करती है, मन को प्रसन्न करती है, सौन्दर्य को प्राप्त करती है और चारों दिशाओं में यश फैलाती है। वास्तव में यह विज्ञान कल्पवृक्ष के समान क्या सिद्ध नहीं करता?

सद्विद्या यदि का चिन्ता वराकोदर पूरणे।
शुकोऽप्यशनमाप्नोति रामरामेति च ब्रुवन्।।

**भावार्थ** : यदि आपके पास अच्छा ज्ञान है, तो पेट भरने के बारे में चिंता करने का कोई कारण नहीं है। तोते को राम राम कहने से भी भोजन मिलता है।

## सम्पादकीयम्

### तीव्रताम् आप्नोति

प्रथमं जातिव्यवस्थां न स्वीकुर्वन् धर्मं स्वीकृत्य व्यक्तिः कथं जातिसम्बद्धलाभानां लाभं निरन्तरं लभते इति प्रश्नस्य विषये वर्तते गतवर्षस्य दिसम्बरमासे इलाहाबाद-उच्चन्यायालयेन उत्तरप्रदेशसर्वकाराय निर्देशः दत्तः यत् ये व्यक्तिः ईसाईधर्मं स्वीकृतवन्तः तेषां पूर्वानुसूचितजातिपदवीसम्बद्धं किमपि लाभं त्यक्तवन्तः इति सुनिश्चितं कुर्वन्तु। दुरुपयोगस्य विषये चिन्ता तस्मिन् समये उच्चन्यायालयेन अवलोकितं यत् धार्मिकपरिवर्तनस्य अनन्तरम् अपि अनुसूचितजातिसमुदायस्य कृते निर्दिष्टलाभानां दावान् निरन्तरं करणं संविधानस्य विश्वासघातः एव भवति। अनुसूचितजातिराष्ट्रीयआयोगेन एतादृशप्रकारस्य अनेकाः शिकायताः प्राप्ताः, गतवर्षे च देशे सर्वत्र अस्य विषये अन्वेषणं आरब्धम्। मौलिकरूपेण संविधानस्य अन्तर्गतं प्रदत्तानां अधिकारानां विशेषाधिकारानाञ्च दुरुपयोगं निवारयितुं उद्देश्यम् अस्ति। असमानतायाः वास्तविकता परन्तु भारते जातिविषयः अत्यन्तं जटिलः जटिलः च विषयः अस्ति। समाजस्तरस्य चिरकालात विवादस्य विषयः अस्ति यत् जाति-आधारित-भेदभावस्य उन्मूलनार्थं केवलं स्वधर्म-परिवर्तन-कर्म एव पर्याप्तः अस्ति वा इति दलितसमुदायस्य सदस्याः भिन्नधर्मं आलिंग्य अपि भेदभावस्य सामनां कुर्वन्ति इति प्रसङ्गा बहुवारं प्रकाशिताः। अधुना एव गतवर्षस्य मार्चमासे तमिलनाडुदेशे कतिपये ईसाईपरिवाराः-ये पूर्वं दलिताः आसन्-तेषां विरुद्धं समानरूपेण।

## ७.४ परिमाणस्य भूकम्पः जापानदेशे आहतः

# चेत् पृथिवी कम्पते; विनाशः भवति, जनाः सुरक्षां प्रति पलायन्ते



ब्रह्मास्त्र ▸▸ टोक्यो

एप्रिल-मासस्य उत्तरजापानदेशे यः तीव्रः भूकम्पः अभवत्, सः सम्पूर्णं राष्ट्रं कम्पितवान् अस्ति। अस्य प्रबलस्य भूकम्पस्य परिमाणं रिक्टर्-मापने ७.४ आसीत्। एतादृशानां भयानकतीव्रतायां कम्पः अनुभूयमानमात्रेण तटीयक्षेत्रेषु निवसतां निवासिनः आतङ्कः प्रसृतः। जापानस्य राष्ट्रियप्रसारकस्य एनएचके इत्यस्य नवीनतमप्रतिवेदनानुसारं अस्य प्रमुखस्य भूकम्पीयस्य आघातस्य तत्क्षणमेव देशस्य तटीयक्षेत्रेषु तीव्रसुनामीचेतावनी जारीकृता।

इवाटे-होक्काइडो-प्रान्तयोः तटरेखायाः समीपे निवसन्तः निवासिनः तत्क्षणमेव स्वगृहाणि निष्कास्य उच्चतरभूमिं गन्तुं निदेशं दत्तवन्तः अधिकारिणः। मौसमविज्ञानसंस्थायाः आपदाप्रबन्धनस्य च अधिकारिभिः चेतावनी दत्ता यत् एतेषु क्षेत्रेषु समुद्रतरङ्गाः ३ मीटर् (प्रायः १० पादपर्यन्तं) यावत् उन्नताः भवितुम् अर्हन्ति यावत् सर्वाणि चेतावनीनि आधिकारिकतया न हतानि तावत् जनाः पूर्णतया सुरक्षितस्थानेषु एव तिष्ठन्तु इति आग्रहः कृतः।

जनाः सुरक्षां प्रति पलायन्ते जापानदेशे एतादृशस्य प्रबलस्य भूकम्पस्य कम्पनं अनुभवित्वा सर्वकारः आपत्कालीनसंस्थाः च शीघ्रमेव प्रतिक्रियाम् अददुः। देशे सर्वत्र संकटसायरनानि ध्वनितुं आरब्धानि। परन्तु जापानीनागरिकैः प्राप्तं उत्तमं आपदाप्रबन्धनप्रशिक्षणं तत्क्षणमेव तस्य योग्यतां सिद्धं कृतवान्। समयं न व्ययित्वा जनाः स्वस्य आवश्यकवस्तूनि स्वेन सह गृहीत्वा सुरक्षितस्थानेषु पलायितुं आरब्धवन्तः। आपत्कालीनसेवाः उच्चसचेतनायां एव तिष्ठन्ति। अधिकारिणः उद्धारदलानि च प्रारम्भिककम्पानां सम्भाव्यक्षतिस्य शीघ्रं मूल्याङ्कनं कुर्वन्ति येन राहतकार्यक्रमाः समये एव कर्तुं शक्यन्ते इति सुनिश्चितं भवति। तरङ्गाः पुनः आगन्तुं शक्नुवन्ति जापानस्य मौसमविज्ञानसंस्थायाः नवीनतमपरामर्शपत्रे उक्तं यत् केचन सुनामीतरङ्गाः पूर्वमेव तटं प्राप्तवन्तः, एताः तरङ्गाः पुनः भवितुं शक्नुवन्ति। अनुवर्तनपरिहारस्य भागरूपेण स्थानीयाधिकारिणः स्थितिविषये नित्यं, क्षणं क्षणं सतर्कतां धारयन्ति।

## कटनी-बीना-योः मध्ये

# २५९.९१ कि.मी.दीर्घस्य तृतीयरेलमार्गे कार्यं सम्पन्नम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

पश्चिममध्यरेलवेस्य जबलपुरप्रभागस्य कटनी-बीनाखण्डस्य तृतीयरेखापरियोजनायाः कार्यं बन्दकपुर-घटेरा-रेलखण्डस्य परिचालनस्य समाप्तेः अनन्तरं पूर्णतया सम्पन्नम् अस्ति। अस्याः तृतीयस्य रेलमार्गस्य समाप्तेः अनन्तरं रेलयानस्य संचालनं अधिकतया प्रबन्धनं कर्तुं शक्यते, रेलविलम्बस्य उदाहरणानि च समाप्ताः भविष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति।

251.91 कि.मी.दीर्घा तृतीया रेलमार्गः सज्जः समाचारानुसारं अस्याः महत्त्वाकांक्षिणः परियोजनायाः-२५९.९१ किलोमीटर् व्यासस्य २०१६-१७ तमे वर्षे स्वीकृतस्य-परियोजनायाः कुलव्ययः ४,००० कोटिभ्यः अधिकः अभवत् अस्याः परियोजनायाः अन्तर्गतं १२ प्रमुखसेतुः, २६ बृहत्सेतुः, ३११ लघुसेतुः च निर्मिताः, ३२ रेलस्थानकानाम् अस्य उपक्रमस्य प्रत्यक्षं लाभः अभवत् अस्याः परियोजनायाः सफलसमाप्तिः रेलमार्गस्य समर्पितानां प्रयत्नानाम्, तकनीकीविशेषज्ञतायाः, निरन्तरनिरीक्षणस्य च माध्यमेन सम्भवम् अभवत्। अस्याः तृतीयरेखायाः परिचालनेन बीनाजंक्शनस्य सामरिकं महत्त्वं अधिकं वर्धितम्, यत् क्षेत्रीयविकासस्य ऊर्जासुरक्षायाः च दिशि महत्त्वपूर्णं माइलस्टोन् चिह्नितवान्।

वेगः वर्धितः, रेलविलम्बः न्यूनीकृतः नवीनतृतीयरेखायाः कटनी-बीना-योः मध्ये संपर्कं महत्त्वपूर्णतया सुदृढं जातम्, येन उत्तर-मध्यभारतयोः मध्ये यातायातस्य सुचारुतरं द्रुततरं च गमनम् अभवत् कटनी, बीना इत्यादीनां बहुमार्गसन्धिस्थानानां संयोजनेन अतिरिक्तपट्टिकायाः योजनेन राष्ट्रियरेलवेजालस्य समग्रक्षमता।

## शोधनालये अधःप्रवाहस्य पेट्रोकेमिकल-उत्पादानाम् अपि बृहत्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल उत्पादों का अपेक्षित उत्पादन ईंधनस्य उत्पादनस्य अतिरिक्तं अस्मिन् शोधनालये अधःप्रवाहस्य पेट्रोकेमिकल-उत्पादानाम् अपि बृहत् परिमाणेन उत्पादनं भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। एते उत्पादाः क्षेत्रे स्थापितानां भविष्यत् औद्योगिक-एककानां कृते उच्चगुणवत्तायुक्त-कच्चामालरूपेण कार्यं करिष्यन्ति। पॉलीप्रोपाइलीन, पॉलीइथिलीन, बेन्जीन्, टोल्यूइन, ब्यूटाडीन् इत्यादीनां उत्पादानाम् आधारेण उद्योगानां स्थापनायाः सम्भावना वर्तते, येन सुदृढ औद्योगिकपारिस्थितिकीतन्त्रस्य मार्गः प्रशस्तः भवति राजस्थानस्य केन्द्रे स्थितिः सुदृढा भविष्यति एतानि सामग्रीनि प्लास्टिकस्य फर्निचरं, कृषिपाइप्स्, पैकेजिंग्-चलच्चित्रं, वाहनघटकं, सिंथेटिक-तन्तुः, चिकित्सा-उपकरणं, रङ्ग-डिटर्जन्ट्-इत्यादीनां रसायनानां च विस्तृत-श्रेणी-वस्तूनाम् निर्माणं सुलभं करिष्यति एषः एकीकृतविकासः शोधनालयस्य उपयोगितां।

## राशिफल

**मेष** : अचानक धन लाभ के योग बन सकते हैं। घर को बेहतर बनाने का विचार भी आ सकता है।

**वृषभ** : पैसों से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है और फिट रहने के लिए नई शुरुआत कर सकते हैं।

**मिथुन** : पुराने दोस्तों से मुलाकात खुशी देगी, लेकिन अधिक उम्मीदें रखने से बचें। प्रेम जीवन मधुर रहेगा।

**कर्क** : काम में दूसरों की मदद करनी पड़ सकती है और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**सिंह** : किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। नया काम शुरु करने वालों को अच्छे संकेत मिलेंगे।

**कन्या** : बिना सोचे-समझे किसी को पैसा उधार न दें। आर्थिक रूप से लाभ के योग हैं, लेकिन विवादों से दूर रहना बेहतर रहेगा।

**तुला** : काम में आपके आइडिया सफल होंगे। कोई प्रॉपर्टी से जुड़ा काम आगे बढ़ सकता है। दोस्तों के सहयोग से नए अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक** : परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। काम में आ रही परेशानियों का हल मिल सकता है।

**धनु** : कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा। सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**मकर** : आपकी मेहनत की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में सतर्क रहें और खर्चों को नियंत्रण में रखें। प्रेम जीवन भी सुखद रहेगा।

**कुंभ** : बाकी काम-धंधा ठीक चलता रहेगा। सेहत ठीक रहेगी। परिवार और दोस्तों का साथ मिलेगा।

**मीन** : आपका स्वास्थ्य भी अच्छा है। प्रेम जीवन में उतार-चढ़ाव संभव है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# दशकों बाद बना कालसर्प योग, 11 दिन तक 3 राशियों पर चंद्रमा का प्रभाव

दशकों बाद बना कालसर्प योग, 11 दिन तक 3 राशियों पर चंद्रमा का प्रभाव

मंगल, बुध और शनि मीन राशि में एक साथ मौजूद हैं, जिससे यह ग्रह योग और अधिक प्रभावशाली बन गया है। इसके अलावा चंद्रमा भी इस समय कुंभ राशि में है। इन सभी ग्रहों के राहु और केतु के बीच आ जाने से एक विशेष काल सर्प योग का निर्माण हुआ है। केवल बृहस्पति ही ऐसे ग्रह हैं जो इस समय मिथुन राशि में रहकर इस स्थिति से बाहर हैं।

ज्योतिष में कालसर्प योग को आम तौर पर एक चुनौतीपूर्ण लेकिन अत्यंत प्रभावशाली ग्रह संयोजन माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि जिन व्यक्तियों की जन्म कुंडली में यह योग होता है। उनके लिए जीवन में सफलता आसानी से नहीं मिलती। उन्हें लगातार बाधाओं ,मानसिक तनाव और बार-बार मिलने वाली असफलताओं का सामना करते हुए अपने जीवन पथ पर आगे बढ़ना पड़ता है। ज्योतिषीय सिद्धांतों के अनुसार कालसर्प योग हमेशा नकारात्मक परिणाम ही नहीं देता। सही समय आने पर यह जीवन में बड़े बदलावों या अचानक मिली सफलता और भाग्य में महत्वपूर्ण सुधारों का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वर्तमान में सौर मंडल में कालसर्प योग का निर्माण हुआ है। ग्रहों की यह दुर्लभ स्थिति कई ग्रहों के राहु और केतु के बीच स्थित होने के परिणामस्वरूप बनी है। इस अवधि के दौरान इसका प्रभाव कुछ विशेष राशियों से संबंधित व्यक्तियों के जीवन में महत्वपूर्ण मोड़ ला सकता है।

**एक सीध में दिखाई देंगे ये ग्रह –** वर्तमान समय में आकाश में ग्रहों की एक खास स्थिति बनी हुई है जिसे ज्योतिष में बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस समय राहु कुंभ राशि में है, जबकि केतु सिंह राशि में स्थित है। वहीं सूर्य और शुक्र मेष राशि में विराजमान हैं। मंगल, बुध और शनि मीन राशि में एक साथ मौजूद हैं, जिससे यह ग्रह योग और अधिक प्रभावशाली बन गया है। इसके अलावा चंद्रमा भी इस समय कुंभ राशि में है। इन सभी ग्रहों के राहु और केतु के बीच आ जाने से एक विशेष काल सर्प योग का निर्माण हुआ है। केवल बृहस्पति ही ऐसे ग्रह हैं जो इस समय मिथुन राशि में रहकर इस स्थिति से बाहर हैं। ग्रहों का यह दुर्लभ संयोग 27 अप्रैल तक बना रहेगा। ज्योतिष मान्यता के अनुसार, इस दौरान कुछ राशियों के लोगों के जीवन में अच्छे बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि काल सर्प योग का सबसे अधिक शुभ प्रभाव किन राशियों पर पड़ सकता है।

**मिथुन राशि–** यह समय मिथुन राशि वालों के लिए नई दिशाएं खोल सकता है। मन में कई नए विचार आएंगे और उन्हें अमल में लाने के मौके भी मिलेंगे। आप जिस नेटवर्क से पहले जुड़े थे वह फिर से शुरू हो सकता है। इस दौरान फैसले लेने की क्षमता बढ़ेगी। अगर आप जल्दबाजी न करें और थोड़ा सोचें तो आपको अच्छे नतीजे मिलेंगे। काम पर नए मौके मिल सकते हैं और कुछ अचानक पैसे का फायदा होने की संभावना रहेगी। अगर आप अपने समय का सही इस्तेमाल करते हैं तो यह समय आपके लिए निर्णायक मोड़ बन सकता है।

**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों के लिए यह समय थोड़ा भावनात्मक हो सकता है। मन बहुत संवेदनशील रहेगा और छोटी-छोटी बातों पर आपके मन में गहरी प्रतिक्रियाएं आ सकती हैं। इस बीच आपका अंतर्ज्ञान बहुत मजबूत हो जाएगा। अगर आप अपनी भावनाओं को ठीक से काबू कर पाते हैं तो आप बहुत अच्छे फैसले ले पाएंगे। कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे सुधार होगा। आपके निजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। कुछ अचानक फायदे या मौके मिलने की भी संभावना है।

**तुला राशि–** तुला राशि वालों के लिए यह समय काफी अच्छा और स्थिर कहा जा सकता है। रिश्तों में ज्यादा  मिठास और समझ आएगी। जो रिश्ते पहले उलझे हुए थे वे धीरे-धीरे आसान होने लगेंगे। करियर के मामले में नए मौके मिल सकते हैं। पैसे की हालत में सुधार होने की संभावना है और इनकम के नए रास्ते भी खुल सकते हैं। कई लोगों के जीवन में यह समय रिश्तों की नई शुरूआत की संभावना भी बना सकता है।

## खबर एक नजर...

### चेरिटेबल अस्पताल में तोड़फोड़, युवक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** चेरिटेबल अस्पताल में 13 अप्रैल की रात हुई तोड़फोड़ के मामले में जीवाजीगंज थाना पुलिस ने 8 दिन बाद अस्पताल स्टॉफ के अतुल पिता मंगलप्रसाद मिश्रा निवासी रीवा हाल मुकाम चेरिटेबल अस्पताल की शिकायत पर विष्णु पिता योगेश गोस्वामी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। अतुल के अनुसार रात 11.30 बजे आरोपी युवक शराब के नशे में अंदर घुस गया था, जिसे बाहर निकालने का प्रयास किया तो उसने अस्पताल की खिड़की के कांच फोड़ दिये और गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार तोड़फोड़ करने वाले नाम सामने आया है, वह कहां का रहने वाले है, इसका पता लगाया जा रहा है।

### शराब पीने से मना करने पर पिता-पुत्र में विवाद

**उज्जैन।** तराना तहसील के खेड़ी मोहल्ला में शराब पीने से मना करने की बात पर विष्णु मालवीय और उसके पिता रामेश्वर मालवीय में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ी कि विवाद मारपीट में बदल गया। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने पिता-पुत्र की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है। पुत्र विष्णु का कहना था कि पिता को शराब पीने से मना किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे थे। वहीं पिता रामेश्वर का कहना था कि शराब पीने की बात पर हुए विवाद में विष्णु और परिवार के अन्य लोगों ने मारपीट की है। पुलिस ने पिता-पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराकर विवेचना शुरू की है।

### घायल बोला गाड़ी चढ़ाकर मारने का किया प्रयास

**उज्जैन।** भूखी माता मंदिर मार्ग से बुधवार शाम सन्नी पिता पप्पू 22 साल निवासी कार्तिक मेला ग्राउंड पारदी डेरा को घायल हालत में परिवार के लोग उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने पैर में गंभीर चोंट होने पर उपचार के लिये भर्ती किया। घायल सन्नी का कहना था कि उसका कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। शाम को चिकन लेने बाइक से जा रहा था, उसी दौरान बोलेरो से कुछ लोगों ने उसे टक्कर मारकर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। घायल युवक की सूचना अस्पताल के ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा महाकाल थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच के बाद ही पता चलेगा कि मामला दुर्घटना का है या पुराने विवाद में गाड़ी चढ़ाकर मारने का है।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर 70 वर्षीय वृद्धा से मारपीट

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम डेलची में रहने वाली महिला रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इस दौरान वहां अनाज की दुकान लगाने वाले सद्दाम ने उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला ने अपनी सास जैतून बी और पति आशिक को बताई। 70 वर्षीय सास और पुत्र आशिक के साथ सद्दाम को समझाने पहुंची और छेड़छाड़ करने का विरोध किया तो सद्दाम ने मारपीट शुरू कर दी। आशिक का मामूली चोंट लगी लेकिन वृद्धा जैतूनबी पति अजीज खान गंभीर घायल हो गई। उसे माकडोन अस्पताल ले जाया गया, जहां से रैफर होने पर चरक अस्पताल उज्जैन लाया गया है। मामले में माकडोन पुलिस घायल वृद्धा के बयान दर्ज आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 455-4 | 459-8 |
| मेन बाजार | 123-6 | - |
| मिलन डे | 190-0 | 167-4 |
| मिलन नाइट | 333-9 | 677-0 |

4 8 0

## डीजीपी ने किया साइबर वारियर्स योजना पोर्टल का अनावरण

# सिंहस्थ 2028: ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

धार्मिक नगरी में सिंहस्थ महाकुंभ 2028 का आयोजन होने जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था और सफल आयोजन की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर है। जिसको लेकर बुधवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ करते हुए साइबर वारियर्स पोर्टल का अनावरण किया।

पुलिस सामुदायिक भवन में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ करते हुए डीजीपी ने आधुनिक तकनीक और रणजीतिक योजना पर विशेष जोर दिया। अभियान में 48 विषयों पर 110 व्याख्यान के साथ फील्ड ट्रेनिंग और पुलिस प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से चयनित पुलिस अधिकारियों को शामिल किया जा रहा है, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर मास्टर ट्रेनर्स बनेगें और अपने जिलों में जाकर पुलिस बल को प्रशिक्षित करेगें। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान डीजीपी कैलाश मकवाना ने अपने उद्बोधन में विगत सिंहस्थ के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सिंहस्थ जैसा विशाल आयोजन प्रभावी योजना, समन्वय और सतत प्रशिक्षण के माध्यम से ही सफलतापूर्वक





संपन्न किया जा सकता है। पुलिस बल को हर प्रकार की आपात स्थिति के लिये तैयार रहना है। तकनीक का अधिकतम उपयोग कर जन सहयोग को प्राथमिकता देने की आवश्यकता रहेगी। उद्बोधन में उन्होने उज्जैन पुलिस द्वारा की जा रही तैयारियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के आवास के लिये निर्मित विशेष सिंहस्थ आवासीय भवन का लोकापर्ण किया, जहां प्रशिक्षण के लिये बाहर से आने वाले अधिकारियों को उच्च स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। वहीं सिंहस्थ साइबर वारियर्स योजना पोर्टल का अनावरण किया। यह पोर्टल डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से साइबर मॉनिटरिंग, अफवाह नियंत्रण एवं त्वरित सूचना आदान-प्रदान को सुनिश्चित करेगा।

### सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन रणनीति लागू

उज्जैन पुलिस द्वारा की जा रही तैयारियों में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) ड्रोन सर्विलांस और साइबर वारियर्स पोर्टल के साथ बहु स्तरीय सुरक्षा-भीड़ प्रबंधन रणनीति लागू की गई है। जिसमें पुलिस बल की तैनाती योजना, यातायात एवं ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ प्रबंधन, रेलवे भीड़ प्रबंधन, आवागमन मार्गों की जानकारी, होल्ड-अप एवं डायवर्जन सिस्टम, पुलिस बल के लिए लॉजिस्टिक व्यवस्था, आधुनिक तकनीक का उपयोग शामिल है। इस सबका प्रशिक्षण राज्यभर से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये आने वाले पुलिस अधिकारियों (मास्टर ट्रेनर्स) को दिया जायेगा। सिंहस्थ अवधि में करोड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा अपनी रणनीति तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### कार्यक्रम में शामिल रहे अधिकारी

ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स शुभारंभ कार्यक्र में ए. साई मनोहर (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, इंटेलिजेंस), राजाबाबूसिंह (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण), राकेश गुप्ता (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, उज्जैन जोन), नवनीत भसीन (उप पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन), पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा और अलग-अलग जिलों से आए प्रशिक्षणार्थी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ डीआईजी नवनीत भसीन द्वारा अतिथियों और अधिकारियों के स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के संबंध में विस्तृत एवं तथ्यात्मक प्रस्तुतीकरण दिया गया।

### एडीजी ने चुनौतीपूर्ण मुद्दों का किया उल्लेख

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ने अपने उद्बोधन में सिंहस्थ 2026 के दौरान आई व्यावहारिक चुनौतियों जैसे भीड़ का अचानक बढ़ना, यातायात दबाव एवं समन्वय संबंधी मुद्दों का उल्लेख करते हुए आगामी आयोजन के लिये बेहतर योजना और समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। राजाबाबु सिंह एडीजी प्रशिक्षण द्वारा भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता, उसकी संरचना एवं पुलिस बल की दक्षता बढ़ाने में उसकी भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

## ड्रग केस में महिला को भेजा जेल, युवक 3 दिन की रिमांड पर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

चैकिंग के दौरान उन्हेल पुलिस ने बाइक पर सवार महिला और युवक को रोका तो भागने का प्रयास करने लगे। दोनों को पकड़ा गया और युवक की तलाशी ली गई तो उसके पास से 55.47 ग्राम ड्रग्स बरामद हो गई। महिला को जेल भेज युवक को 3 दिनों की रिमांड पर लिया है।

उन्हेल थाना पुलिस ने बताया कि इंगोरिया चौपाटी पर वाहन चैकिंग पाइंट लगाया गया था। इस दौरान नागदा की ओर से बिना नम्बर की बाइक पर एक युवक और महिला आते दिखाई दिये। बाइक को रोकने का प्रयास किया तो युवक ने रास्ता बदलकर भागने का प्रयास किया। शंका होने पर चैकिंग पाइंट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पीछा कर दोनों को पकड़ा और पूछताछ शुरू की। युवक ने अपना नाम सोहेल पिता मोहम्मद अनवर 34 साल निवासी बेगमबाग उज्जैन और महिला ने रूबीना पति अजहर सैय्यद 36 साल निवासी महिदपुर बताया। पुलिस ने बाइक संबंधित दस्तावेज मांगे और तलाशी ली तो उनके पास से 55.47 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। जहां से महिला को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सोहेल को 3 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। बताया जा रहा है कि सोहेल रतलाम से ड्रग्स लेकर आता था और सप्लाई करता था। महिला उसकी सहयोगी है। सोहेल के खिलाफ महाकाल थाना उज्जैन में कई अपराधिक मामले भी दर्ज है।

## दिवंगत आरक्षक का 7 वर्षीय पुत्र बना बाल आरक्षक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

नीमच के दिवंगत आरक्षक के 7 वर्षीय पुत्र को उज्जैन में बाल आरक्षक के रूप में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। आरक्षक का 10 माह पहले निधन हुआ था।

12 जून 2025 को नीमच में पदस्थ आरक्षक मयंक गिरवाल का 32 साल की अल्पआयु में निधन हो गया था। मयंक सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासित और समर्पित पुलिसकर्मी के रूप में पहचाना जाता था। मयंक के निधन पर परिवार की स्थिति को देखते हुए उनकी पत्नी अर्चना गिरवाल ने 7 वर्षीय पुत्र वंश को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया था। लेकिन नीमच में पद रिक्त नहीं होने पर पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन ने पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा को प्रकरण भेजा, ताकि नियुक्ति शीघ्र पूर्ण की जा सके।



बुधवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की उज्जैन में मौजूदगी के बावजूद पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने प्रकरण को प्राथमिकता देते हुए दिवंगत आरक्षक के परिजनों के उपस्थित होने पर कार्यालय के स्थापना लिपिक नितिन वर्मा को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बुलाकर सभी दस्तावेजी प्रक्रिया को पूर्ण कराई और 7 वर्षीय वंश को बाल आरक्षक पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। विदित हो कि पुलिस विभाग में सेवा देने वाले पुलिसकर्मियों को परिवार का हिस्सा मानते हुए पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान सबसे अधिक दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवार को अनुकंपा नियुक्त प्रदान करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## बाल विवाह की शिकायत ने युवक को पहुंचाया अस्पताल

# नाबालिग के परिजनों ने की मारपीट, पुलिस ने दर्ज किये बयान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बाल विवाह की शिकायत करना युवक को उस वक्त भारी पड़ गया, जब नाबालिग के परिजनों ने मिलने के बहाने बुलाकर युवक और उसके दोस्त के साथ बुरी तरह मारपीट की। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया है।

नानाखेड़ा थाना एएसआई राजेश जाट ने बताया कि ग्राम नवाखेड़ा में घायल हालत में पड़े युवक सीताराम पिता राजीव मालवीय 20 साल निवास बापूनगर की सूचना मिलने पर उसे डायल 112 चरक अस्पताल लेकर



पहुंची थी। घायल के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि वह इंदौररोड स्थित होटल में काम करता था। होटल में काम के दौरान नवाखेड़ा की नाबालिग से पहचान हुई थी। उसने बताया कि परिवार उसका सामूहिक सम्मेलन पीथमपुर में विवाह कर रहा है। वह शादी करना नहीं चाहती है। सीताराम ने मामले की शिकायत महिला बाल विकास आयोग से कर दी। मंगलवार को पीथमपुर में नाबालिग का विवाह होना था। लेकिन बाल विकास की टीम ने जांच के बाद बाल विवाह रूकवा दिया। परिजनों को शिकायतकर्ता की जानकारी मिली तो उन्होने नाबालिग की मदद से मंगलवार रात उसे तपोभूमि के पास बुलाया। जहां सीताराम अपने दोस्त विशाल के साथ पहुंचा। तभी नाबालिग के परिजन आये और सीताराम के साथ मारपीट शुरू कर दी। विशाल ने बचाव का प्रयास किया तो उसे भी पीटा और सीताराम को अपनी गाड़ी में बैठाकर नवाखेड़ा ले गये। जहां नाबालिग के पूरे परिवार ने बुरी तरह पीटा और डायल 112 को कॉल कर दुर्घटना में घायल होने की जानकारी देकर अस्पताल भेज दिया। एएसआई जाट के अनुसार घायल के बयान दर्ज कर मामले में नवाखेड़ा की तीन से चार महिलाओ, नाबालिग के भाई राजा और गौरव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com